

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 अंक : 50 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 11 मार्च, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2


## गौशालाओं को दी जाने वाली अनुदान राशि में 15 प्रतिशत बढ़ोतरी

# भजनलाल सरकार देगी प्रति गोवंश 50 रुपए रोजाना सहायता



**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(कासं.)। राज्य की भजनलाल सरकार ने गौमाता के संरक्षण और संवर्धन के लिए बड़ा कदम उठाते हुए गौशालाओं और नंदीशालाओं के लिए दी जाने वाली अनुदान राशि में 15 प्रतिशत की वृद्धि की है। अब प्रत्येक गौवंश के लिए 50 रुपए प्रतिदिन की सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गौसेवा सरकार की प्राथमिकता है और हाल ही में पेश किए गए बजट में पशुपालकों और गौमाता के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित आभार सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अब 2.5 लाख गोपालक परिवारों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना को और सरल बनाने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेजों पर स्टांप ड्यूटी माफ कर दी गई है। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पशुओं बीमा की संख्या दोगुनी की जाएगी, जिससे पशु पालकों को आर्थिक सुरक्षा मिल सके। पशुधन निशुल्क आरोग्य योजना के तहत औषधियों और टीकों की संख्या में वृद्धि की जाएगी, जिससे पशु धन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और विरासत दोनों को आगे बढ़ा रहा है। राजस्थान के प्रवासियों ने देश-विदेश में गौशालाएं बनाकर गौसेवा को बढ़ावा दिया है, जो भारतीय संस्कृति और परंपरा का परिचायक है।

### संतों ने जताया गो परायण सरकार का आभार

इस कार्यक्रम में उपस्थित संतों और गौभक्तों ने मुख्यमंत्री की ओर से गौसंरक्षण के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। संतों ने कहा कि पिछली सरकार में गौभक्तों को आंदोलन करने पड़ते थे, लेकिन अब सरकार खुद आगे आकर गौसेवा को बढ़ावा दे रही है। वही दूसरी ओर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फूलों की होली खेली और चंग बजाकर होली के गीत गाए। संतों ने मुख्यमंत्री को दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया और गौसेवा के लिए बजट में किए गए प्रावधानों पर आभार व्यक्त किया।

## अपराधियों में नहीं है कानून का खौफ, रेपिस्ट को नपुंसक कर छोड़ देना चाहिएः राज्यपाल बागड़े

**जयपुर टाइम्स**

भरतपुर(**निस**)।। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि रेप करने वाले लोगों को नपुंसक कर छोड़ देना चाहिए, तब ऐसे अपराध कम होंगे। महिलाओं पर अत्याचार करने वालों की पिटाई करनी चाहिए। राज्यपाल बागडे ने कहा कि जब हमारे यहां (महाराष्ट्र में) शिवाजी महाराज का राज था, उस समय एक पटेल गांव का



मुखिया रहता था। उसने रेप किया। इसके बाद शिवाजी महाराज ने ऑर्डर जारी किया। कहा कि रेप करने वाले को मारो मत, इसके हाथ-पैर तोड़ दो। मरते दम तक वह वैसा ही रहा। ऐसे कानून भी थे, जब लोगों को डर रहता था कि कैसे खुद को कंट्रोल किया जाए।

भावना को पढ़ाई के रूप में कंट्रोल किया जा सकता है। हम सब भाई-बहन हैं, यह स्कूल-कॉलेज में पढ़ाएं तो महिलाओं-लड़कियों के लिए बहन की भावना रहेगी।

राज्यपाल सोमवार को भरतपुर जिला बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रेप की वारदातों को लेकर मंच से यह बात कही।

भरतपुर जिला बार एसोसिएशन के कार्यक्रम से पहले राज्यपाल सर्किट हाउस पहुंचे थे। वहां राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया था।

### अपराधियों में कानून का डर दिखाई नहीं दे रहा

महात्मा गांधी वेटरनरी कॉलेज के ऑडिटोरियम में संबोधित करते हुए गवर्नर ने कहा कि कानून से अपराधियों को डर लगता है या नहीं, ये नहीं मालूम। 12 साल से कम उम्र वाले बच्चे-बच्ची से किसी ने छेड़छाड़ की, किसी ने रेप या कुकर्म किया तो उसे फांसी की सजा है। फिर भी ऐसे अपराध रुक नहीं रहे। रोज ऐसे मामले सुनाई देते हैं। अपराधियों में कानून का डर दिखाई नहीं दे रहा। कानून के डर के लिए क्या करना है, क्या आप सोच सकते हैं? आप सुझाव रख सकते हैं। कानून होते हुए ऐसी घटनाएं क्यों घटती हैं?राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि हमारे महाराष्ट्र में एक नगर पंचायत है। वहां कुत्ते बहुत हो गए थे। उनकी संख्या बढ़ती जा रही थी। वहां कुत्तों को नपुंसक बना दिया गया। इसके बाद कुत्तों की संख्या कम हो गई। ऐसे ही जो लोग रेप करते हैं, उनके लिए भी वही कायदा बनाया गया है। उन लोगों को नपुंसक करके छोड़ दिया जाए। उनकी शादी भी नहीं होगी। उन्हें हमेशा वैसे ही रहना पड़ेगा। वह जब गांव में घूमेगा तो लोग उसे पहचानेंगे। राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार होने पर लोग वीडियो बनाते हैं। यह बात ठीक नहीं है। किसी महिला के साथ छेड़छाड़ हुई तो उस आदमी को पकड़ो। वह आदमी है, आप भी आदमी हो। आपके साथ 2 से 4 लोग आ जाएंगे। जब तक यह मानसिकता हमारे मन में नहीं आएगी कि छेड़छाड़ करने वाले, रेप करने वाले को हम मौके पर जाकर रोकें, उसकी पिटाई करें, तब तक ये अपराध रुकने वाले नहीं हैं।



# 'शीश के दानी' के दर लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब

## सवा सौ किलो चांदी के रथ में किया बाबा श्याम ने नगर भ्रमण

**जयपुर टाइम्स**

खाटूश्यामजी(**नि.सं.**)। इन दिनों खाटूनगरी श्याम रंग में रंगी नजर आ रही है। फाल्गुनी एकादशी के अवसर पर खाटू में बाबा श्याम का भव्य नगर भ्रमण हुआ। बाबा श्याम की सवारी 125 किलो चांदी से बने करीब डेढ़ करोड़ रुपये के रथ में निकाली गई। लक्खी मेले के 11वें दिन देशभर से श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ जुट गई। दर्शन के लिए सभी 14 लाइनें पूरी तरह भर चुकी हैं और 75 फीट ग्राउंड पर हजारों श्रद्धालु कतारबद्ध हैं। भक्तों को गर्मी से राहत देने के लिए उन पर ठंडे पानी और इत्र की बौछार की जा रही है। मेले में लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। बीकानेर के नोखा में तैयार किए गए इस भव्य रथ को जीप पर सजाया गया है। बाबा श्याम की यह यात्रा प्राचीन श्याम कुंड से शुरू होकर अस्पताल चौराहा और पुराना बस स्टैंड होते हुए मुख्य बाजार के कबूतर चौक पर समाप्त होगी। रींगस रोड से आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए इस बार भी 14 लाइनें लगाई गई हैं, जिससे वे व्यवस्थित तरीके से बाबा की चौखट तक पहुंच सकें। रींगस से खाटू तक कारपेट बिछाया गया है, ताकि श्रद्धालु आसानी से चल सकें। हालांकि, खाटू धाम पहुंचने के बाद भक्तों को 8 किलोमीटर का सफर तय करना होगा।

श्रद्धालुओं को मुख्य प्रवेश द्वार से चारण मैदान होते हुए बाबा के दर्शन के लिए आगे बढ़ना होगा। चारण मैदान में टीन शेड से कवर किए गए अस्थायी जिगजैग बनाए गए हैं, जहां से भक्त लखदातार मैदान पहुंचेंगे। मेला प्रभारी व एसडीएम मोनिका सामोर ने बताया कि इस बार दर्शन के लिए 9 ब्लॉक बनाए गए हैं, ताकि भीड़ को बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सके।

सरकारी प्रोटोकॉल वाले वीआईपी को छोड़कर किसी के लिए वीआईपी दर्शन की अनुमति नहीं होगी। हालांकि दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

### मूर्ति से 50 मीटर पहले मेटल डिटेक्टर

मेले में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता किया गया है। पहली बार मंदिर परिसर की 14 लाइनों में मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। रींगस डायवर्जन से लाइन में लगने वाले भक्तों की जांच पहले से ही होती थी, लेकिन अब मंदिर में बाबा की मूर्ति से 50 मीटर पहले सभी लाइनों में भी मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं।



राइजिंग राजस्थान के दौरान माइंस व पेट्रोलियम के एमओयू धरातल पर लाने की कवायद तेज

## प्रमुख सचिव माइंस ने किया वन टू वन संवाद-स्टेक होल्डर्स से समन्वय व सहयोग के लिए वाट्सएप ग्रुप

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर,(का.सं.)। माइंस विभाग ने राइजिंग राजस्थान के दौरान माइंस व पेट्रोलियम के हस्ताक्षरित करारों को धरातल पर लाने की कवायद तेज कर दी है। प्रमुख सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने माइंस से संबंधित 100 करोड़ रु. से अधिक के एमओयू के स्टेक होल्डर्स से वर्चुअली संवाद कायम किया। उन्होंने करीब 42 स्टेक होल्डर्स से वन टू वन चर्चा करते हुए एमओयू करारों को धरातल पर लाने की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्टेक होल्डर्स से चर्चा के दौरान एमओयू करारों को तय समय सीमा में पूरा कराने की कार्ययोजना की जानकारी ली और स्टेक होल्डर्स की स्थानीय स्तर से लेकर राज्य स्तर तक आ रही कठिनाइयों के निवारण में संबंधित विभागों से समन्वय व सहयोग का विश्वास दिलाया। टी. रविकान्त ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के दौरान माइनिंग सेक्टर के किए गए एमओयू में 100 करोड़ रुपए से अधिक के 42 एमओयू है। इनमें एक हजार करोड़ रुपए से अधिक के 20 एमओयू है वही 100 करोड़ रु. से एक हजार करोड़ रु. तक के 22 एमओयू है। स्टेक होल्डर्स से समन्वय बनाये रखने के लिए वाट्सएप ग्रुप बनाकर अधिकारियों द्वारा निरंतर संपर्क व मार्गदर्शन दिया जा रहा हैं। स्थानीय स्तर पर आ रही समस्याओं का यथासंभव निराकरण कराते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।ब्यूरो ऑफ इंडस्ट्रीयल प्रमोशन के रेणुराज ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा निवेशकों से समन्वय व सहयोग के लिए इंडस्ट्रीयल इंटरफेस बनाया है। इसके माध्यम से निवेशक आवश्यक जानकारी व प्रगति से रुबरु हो सकते हैं। इस माह के अंत तक एमओयू धारकों के लिए एक एप भी उपलब्ध हो सकेगा। नोडल अधिकारी अतिरिक्त निदेशक माइंस महावीर प्रसाद मीणा और सह प्रभारी अधीक्षण भूवैज्ञानिक जयपुर संजय सक्सेना ने राइजिंग राजस्थान के दौरान हुए निवेश करारों की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा नियमित मॉनिटरिंग और फील्ड अधिकारियों से समन्वय बनाया जा रहा है।

## वोटर लिस्ट पर देशभर में उठ रहे सवाल, सदन में हो चर्चाः राहुल गांधी

**जयपुर टाइम्स**

नई दिल्ली(**एजेंसी**)। करीब एक महीने के अंतराल के बाद संसद के बजट सत्र की कार्यवाही शुरू हो गई है।

सत्र के दूसरे भाग के पहले कई मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर बहस देखने को मिली है। वहीं लोकसभा में बोलते हुए कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एक मांग रखी कि पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। सभी विपक्षी दल वोटर लिस्ट पर सवाल उठा रहे हैं। अब पूरा विपक्ष बस यही कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि हम आपकी टिप्पणी को स्वीकार करते हैं कि सरकार मतदाता सूची नहीं बनाती है। लेकिन हम इस मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि देश भर में मतदाता सूची पर सवाल उठाए जा रहे हैं। महाराष्ट्र समेत हर राज्य में विपक्ष ने एक स्वर में सवाल उठाए हैं। वहीं इस मामले में राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि चुनाव आयोग सरकार के हाथ में है... अगर लोकतंत्र ऐसे ही चलता रहा और चुनाव आयोग सरकार के लिए पैरवी करता रहा तो जो नतीजे आएंगे वो आपके सामने हैं... अगर यही व्यवस्था चलती रही तो ये लोकतंत्र नहीं बल्कि दिखावा है... हमें कई सालों से शक है... जमीन पर क्या होता है ये सबको पता है लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है।



### अतिरिक्त आयुक्त ओझा ने 16 हजार किलो मिलावटी बेसन किया जब्त

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश भर में मिलावट के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सोमवार को खाद्य सुरक्षा आयुक्त एच गुईटे के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में मिलावटी बेसन जब्त किया गया।

सूचना मिलने पर अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय की टीम ने रीको इंडस्ट्रीयल एरिया, बस्सी में प्लॉट नंबर त्र-1, 68७ पर स्थित हैल्दी फूड्स फैक्ट्री का निरीक्षण किया और बड़ी मात्रा में मिलावटी बेसन जब्त किया।

## आरोपियों को जमानत देने से लोगों का प्रशासन और कार्यपालिका पर विश्वास होगा कमःसुप्रीम कोर्ट



### भर्ती परीक्षा में डमी उम्मीदवार बिठाने वाले आरोपियों की जमानत खारिज

**जयपुर टाइम्स**

नई दिल्ली(**एजेंसी**)।। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भर्ती परीक्षा में डमी उम्मीदवार बिठाने वाले दो आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि ऐसे आरोपियों को जमानत देने से लोगों का प्रशासन और कार्यपालिका पर विश्वास कम हो सकता है। यह अपराध लोगों के मन में दरार डाल सकता है।

जस्टिस संजय करोल और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया। पीठ ने कहा कि हम जानते हैं कि एक बार जमानत दिए जाने के बाद उसे सामान्य रूप से खारिज नहीं किया जाता है। हम इसका समर्थन भी करते हैं। लेकिन इस मामले में हमने जमानत को इसलिए खारिज किया है, क्योंकि आरोपियों के कृत्यों का समग्र प्रभाव समाज पर पड़ेगा। पीठ ने कहा कि हम जानते हैं कि देश में उपलब्ध नौकरियों की तुलना में सरकारी नौकरी लेने वालों की संख्या कहीं अधिक है। शीर्ष अदालत ने सात मार्च के अपने आदेश में आरोपी को दो सप्ताह में संबंधित अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रत्येक नौकरी के लिए निर्धारित प्रवेश परीक्षा या साक्षात्कार प्रक्रिया का पालन करना आवश्यक है।



## त्रिपोलिया महादेव मंदिर में दीप महायज्ञ आज

जयपुर टाइम्स

अलवर (नि.सं.)। प्रन्यास मंदिर श्री महादेव जी महाराज त्रिपोलिया अलवर में 11 मार्च को दीप महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। मंदिर महंत जितेंद्र खेड़ापति ने बताया कि होली के त्योहार और शास्त्र अनुसार लेखअंकित लेख को ध्यान में रखते हुए आम जन हितार्थ गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में 11 मार्च मंगलवार को दीप महायज्ञ का आयोजन शाम 4 बजे त्रिपोलिया परिसर में किया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से होली के इस प्रेम, भाईचारे के त्यौहार में नशे को त्यागने और प्रेम पूर्वक भाईचारे को अपनाते हुए होली का यह त्यौहार मनाए, ऐसी अपील आमजन से की जाएगी। खेड़ापति ने बताया कि पूर्व में तीन दिवसीय कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा जो सहयोग प्रदान किया गया उसे तो आमजन व मंदिर भक्तों के साथ हम जिला प्रशासन का बहुत-बहुत आभार में धन्यवाद करते हैं जनहित के कार्य सनातन के प्रचार-प्रसार को इसी प्रकार निरंतर जारी रखा जाएगा।

## मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच एवं कुशल नेतृत्व की बदोलत अब होगा अलवर में पेयजल की समस्या का समाधान

जयपुर टाइम्स

अलवर (नि.सं.)। राजस्थान प्राकृतिक रूप से पानी की कम उपलब्धता वाला प्रदेश रहा है लेकिन अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरगामी सोच एवं कुशल नेतृत्व की बदोलत राजस्थान की तस्वीर बदल रही है। राज्य सरकार द्वारा बजट 2025-26 के तहत शहरी क्षेत्र के लिए पेयजल को लेकर बड़ी घोषणाएं की है, जिससे प्रदेश की शहरी जनता अब पेयजल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो सकेंगी। मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन (शहरी) से शहरी क्षेत्रों में 5 हजार 830 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य करवाये जाएंगे। इसके अतिरिक्त 20 लाख घरों में नल कनेक्शन का लक्ष्य, ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा हेतु 425 करोड रुपए एवं 1000 ट्यूबवेल और 1500 हेड पंप लगवाए जाएंगे। इसी कडी में अलवर जिले में बजट 2024-25 एवं 2025-26 में पेयजल योजनाओं के संवर्धन तथा सुदृढीकरण के लिए विभिन्न घोषणाएं की गई हैं जिनमें बजट 2025-26 के तहत राम जल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी) को धरातल पर उतारने का कार्य प्रारम्भ किया गया इससे अलवर सहित आसपास के जिलों को भी पेयजल व सिंचाई हेतु पर्याप्त मात्रा में जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इसके तहत अलवर में बीसलपुर बांध से बाणगंगा एवं रूपारेल नदी को चरणबद्ध रूप से जोडे जाने संबंधी कार्यों की डीपीआर तैयार की जाएगी। अलवर शहर की विभिन्न कॉलोनियों में 25 करोड रूपये की लागत से जल प्रदाय सुविधा विकसित करने का कार्य होगा जिससे आमजन को पेयजल संबंधी समस्या का सामना नहीं करना पडेगा।



इसी प्रकार बजट 2024-25 के तहत 23.26 करोड रूपये की लागत से सिलीसेढ क्षेत्र के ट्यूबवैल व पाईप लाईन के माध्यम से अलवर शहर को पेयजल (अलवर) उपलब्ध करवाया जाएगा। भाखेडा-अलवर एनीकट का निर्माण / मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य करवाया जाएगा। 5,374 करोड रूपये की लागत से चम्बल नदी आधारित वृहद पेयजल परियोजना - अलवर, भरतपुर, कोटपूतली-बहरोड, खैरथल-तिजारा का कार्य हाथ में लिया जावेगा। 40 करोड की लागत से नटनी का बारां वियर से जससमंद बांध-अलवर तक निर्मित नहर का उन्नयन किया जाएगा। लगभग 9 हजार 700 करोड रूपये की लागत से डूंगरी बांध से अलवर रिजर्ववायर का निर्माण करवाया जाएगा। 30 करोड रूपये की लागत से भद्रावती नदी-करौली की तर्ज पर रूपारेल-अलवर आदि नदियों को रिज्यूवनेट करने संबंधी कार्य की डीपीआर तैयार की जावेगी।

## वाहन स्वामी भार वाहनों का वार्षिक कर जमा करावे 15 मार्च तक

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि ऐसे समस्त वाहन स्वामी जिनके भार वाहनों (जीवीडब्ल्यू 16500 से अधिक) का वार्षिक कर जमा होता है वे वित्तीय वर्ष 2025-26 का कर 15 मार्च 2025 तक जमा करावे। उन्होंने बताया कि वाहन स्वामी 13 व 14 मार्च को होलिका अवकाश होने के कारण अंतिम तिथि से पूर्व ही अग्रिम कर जमा करा देवे। निर्धारित तिथि पश्चात वाहन का कर जमा करवाने पर पैनल्टी देय होगी एवं चैकिंग कार्यवाही के माध्यम से वाहन जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि वाहन स्वामी एमनेस्टी योजनाओं के तहत ई-रवन्ना ओवर लोडिंग चालानों में भारी छूट, नष्ट हो चुके वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र निरस्तीकरण की सुविधा और पुराने बकाया कर पर नई पैनल्टी दरें, खनिज विभाग से प्राप्त ई-रवन्ना के तहत ओवर लोडिंग के मामलों में बनाए चालानों में 95 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठावे। साथ ही वाहन स्वामियों को यह भी सूचित किया है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 1 अप्रैल 2019 से पूर्व या बाद में पंजीकृत वाहनों पर थर्ड रजिस्ट्रेशन प्लेट एवं कलर कोडेड स्टीकर 15 मार्च 2025 से पूर्व ही लगवा लें, अन्यथा विभाग द्वारा वाहन से संबंधित समस्त सेवाएं बंद कर दी जावेगी।

### जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

# बजट घोषणाओं की क्रियान्विति समयबद्ध करते हुए आधारभूत आवश्यकताओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें -जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स

खैरथल-तिजारा(नि.सं.)। जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिला कलक्टर किशोर कुमार ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ बजट घोषणाओं सहित अन्य विकास कार्यों को तय समय में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट अपडेट करें। उन्होंने बजट 2025-26 में की गई घोषणाओं को समयबद्ध धरातल पर उतारने के लिए संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की विभागवार समीक्षा करते हुए आवश्यक भूमि चिन्हिकरण व नियमानुसार आवंटन प्रक्रिया हेतु शीघ्र आवेदन भिजवाने को कहा। उन्होंने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को बजट घोषणा अनुसार केवीएस गठन करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए।



जिला कलेक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को विभिन्न मार्गों एवं शहर में क्षतिग्रस्त सडकों के मरम्मत कार्य को गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए साथ ही बिजली विभाग को एमडीआर 318 खैरथल से शेखपुरा वाया बाघेरी कलां, बीबीरानी, जोडिया एवं खैरथल बाईपास मार्गों के बीच में लगाई जा रहे बिजली पोल्स का मौका मुआयना कर जल्द शिफ्ट करने को कहा। जिला कलक्टर ने डीसीएमएचओ को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें, पर्याप्त दवा भंडार सुनिश्चित करते हुए अन्य तैयारियां पुख्ता रखें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने एवं नियमित रूप से जनता क्लीनिकों एवं चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण के निर्देश दिए।

उन्होंने पीएचईडी को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल आपूर्ति बनाये रखने, जेजेएम के तहत लक्ष्यानुरूप नल कनेक्शन पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए वाटर टैंकर सैंक्शन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को पालनहार व पेंशन सत्यापन शत प्रतिशत पूर्ण करने, विद्युत निगम को विभागीय योजनाओं के अनुसार पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अधिशासी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग आदेश कुमार, नगर परिषद खैरथल आयुक्त मुकेश शर्मा, कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, डिप्टी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पूरणमल मीणा, सहायक अभियंता बिजली विभाग दिनेश भड़ाना, ईओ रसद विभाग पूनम चौधरी, सीडीपीओ बिना गुप्ता, समाज कल्याण, इरिगेशन, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, ट्रांसपोर्ट, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



## जिला स्तरीय कार्यशाला में खाद्य पोषण सुरक्षा व मिलेट्स के महत्व पर जोर

जयपुर टाइम्स

खैरथल-तिजारा(नि.सं.)। खाद्य पोषण सुरक्षा और पौष्टिक अनाज (मिलेट्स) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि उपज मंडी समिति सभागार, खैरथल-तिजारा में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का शुभारंभ जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने किया। उन्होंने किसानों से जल संरक्षण करने और उर्वरक डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट व यूरिया का उपयोग करने की अपील की।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि मिलेट्स पोषण से भरपूर होते हैं और इनका उत्पादन कम पानी में भी संभव है। जिससे यह जलवायु परिवर्तन के दौर में एक महत्वपूर्ण फसल बन जाती है। सरकार मिलेट्स उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। किसानों को चाहिए कि वे मिलेट्स की खेती अपनाएं और आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर अपनी उपज को बढ़ाएं। संयुक्त निदेशक, कृषि विज्ञान डॉ. राजेंद्र बसवाल ने बताया कि भारत सरकार ने 2023 को मिलेट्स ईयर के रूप में मनाया। मिलेट्स, जिसे प्रधानमंत्री द्वारा श्री अन्न की उपाधि दी गई है, स्वास्थ्यवर्धक और पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थ हैं। इनमें ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, कुटकी, कंगनी, चेना, कुलथी, जंगोरा और रामदाना जैसे अनाज शामिल हैं। ये ग्लूटेन-फ्री सुपर फूड हैं, जो विटामिन, मिनरल्स, फाइबर, आयरन और प्रोटीन से भरपूर होते हैं। मिलेट्स से वजन घटाने, ऊर्जा बढ़ाने और हृदय को स्वस्थ रखने में मदद मिलती है।

कार्यशाला में सेवानिवृत्त सहायक कृषि अधिकारी राजेंद्र यादव एवं शिशराम चौधरी ने जैविक खेती अपनाने, तारबंदी एवं फार्म पॉन्ड की उपयोगिता के बारे में किसानों को जागरूक किया। सहायक निदेशक, कृषि विज्ञान पवन यादव ने बताया कि मिलेट्स से रोटी, खिचड़ी, पुलाव, इडली, उपमा, डेसर्ट्स और सूप जैसी कई स्वादिष्ट व पोषक व्यंजन बनाए जा सकते हैं।

इस मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र, बानसूर और कृषि महाविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों ने जिले में मिलेट्स उत्पादन बढ़ाने की संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए। कार्यशाला में 100 से अधिक प्रगतिशील किसान, एनजीओ, एफपीओ, और मिलेट्स से जुड़े व्यापारी शामिल हुए। अंत में कार्यशाला सह-प्रभारी दिनेश चौधरी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## पशु जन्म नियंत्रण के संबंध में बैठक आयोजित

### निराश्रित श्वानों की नसबंदी एवं टीकाकरण कराने के दिए दिशा-निर्देश

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम मुकेश कायथवाल की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय स्थित एडीएम प्रथम कक्ष में पशु जन्म नियंत्रण नियम 2023 के संबंध में बैठक आयोजित हुई, जिसमें श्वानों द्वारा बच्चों व नागरिकों को काटने की समस्या के संबंध में प्राप्त शिकायतों के निवारण के विषय में संबंधित विभागों एवं पशु कल्याण संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम मुकेश कायथवाल ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि प्रशिक्षित दलों का गठन कर शहर के निराश्रित एवं आवारा श्वानों को पकड़कर पशु चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा उनकी नसबंदी एवं टीकाकरण करवाएं तथा उसी जगह पर छोडने तक नियमित डाटा संधारित करते हुए वीडियोग्राफी भी करावे। उन्होंने कहा कि पोस्ट ऑपरेटिव केयर की



नियमित साफ-सफाई एवं केयरटेकिंग व्यवस्था के लिए माकूल इंतजाम रखें। उन्होंने निर्देश दिये कि संबंधित विभाग पशुपालन संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर श्वानों को गली-मौहल्लों से पकडने से पूर्व श्वान प्रेमियों एवं अन्य लोगों से समझाइश करें तथा स्ट्रीट डॉग का संवेदनशीलता से रेस्क्यू कर उनका चिकित्सकीय प्रबंध किया जाए। नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि करीब 100 श्वानों के बंध्याकरण और टीकाकरण के लिए एबीसी कार्यक्रम बाबत एक लाख 22 हजार रूपये (प्रति श्वान 1220 रूपये) का बजट उप निदेशक बहुउद्देश्यीय पशु चिकित्सालय अलवर को भुगतान किए जाने की स्वीकृति नगर निगम द्वारा प्रदान की गई है। इसी क्रम में निगम की पशु प्रबंधन शाखा द्वारा जे.के नगर वार्ड नं. 56 में पांच श्वानों को पकड कर बंध्याकरण और टीकाकरण के लिए बहुद्देश्यीय पशु चिकित्सालय अलवर में भिजवाया गया। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा आगामी दिनों में भी इस प्रकार की कार्यवाही नियमित रूप से की जाएगी। बैठक में एडीएम शहर बीना महावर, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. रमेश चंद्र मीणा, उप निदेशक बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय डॉ. सरजीत सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं पशु कल्याण संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सोनी ने इरादा बालगृह अलवर का किया निरीक्षण, जानकारी लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश), अलवर मोहनलाल सोनी के द्वारा सोमवार को इरादा बालगृह, अलवर का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), अलवर हरेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार किया गया।

सर्वप्रथम सचिव सोनी द्वारा इरादा बाल गृह, अलवर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड अनुसार उपस्थिति पंजिका में



कुल 20 बालकों का अंकित होना पाया गया, जिनमें से मौके पर 7 बालक उपस्थित मिले एवं 13 बच्चों का स्कूल जाना बताया गया। मौके पर 5 कर्मचारीगण उपस्थित पाए गए।सोनी द्वारा गृह पर उपस्थित बच्चों से वार्ता की गई तथा सभी बच्चों के मामले की जानकारी ली गई, मौके पर उपस्थित अनुराग सिसोदिया द्वारा अवगत करवाया गया कि गृह में आवासित 4 बच्चों के संबंध में कोई विवरण नहीं मिला है तथा शेष बच्चे पुनर्वास योग्य बताये गये है जिन्हे शीघ्र बाल कल्याण समिति तथा जिला बाल संरक्षण ईकाई के माध्यम से पुनर्वास करवाये जाने के संबंध में सोनी के द्वारा मौके पर ही निर्देशित किया गया। गत निरीक्षण के दौरान गृह में आवासित बालक ने वार्ता के दौरान बताया गया था कि उसे एक अन्य बालिका के साथ बहरोड पुलिस के द्वारा दस्तयाब किया जाकर ईरादा बाल गृह में प्रवेश करवाया गया तथा बालिका को आरती बालिका गृह में आवासित करवाया गया था।

## मीटिंग में सभी के कार्यो की प्रशंसा कर एक दूसरे को लगाया चन्दन तिलक ओर दी शुभकामनाएं

- ❒ लायंस क्लब अलवर मत्स्य का सामान्य सभा के साथ होली मिलन समारोह सम्पन्न
- ❒ रीजन चेयरपर्सन रीजन-2 सांवरियाँ एम.जे.एफ. लायन गिरीश गुप्ता की रीजन कांफ्रेंस 03 मई 2025 को तय

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। लायंस क्लब अलवर मत्स्य, क्लब संख्या-95645,रीजन-2 सांवरियाँ, डिस्ट्रिक्ट 3233-ई1 की साधारण सभा के साथ होली मिलन समारोह एम.जे.एफ. लायन डॉ. एस. सी. मित्तल के सिलीसेढ़ स्थित खोज' फार्म हाउस अलवर में रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्लब के सभी पदाधिकारियों ने भगवान् गणेश को पुष्प माला पहनाकर एवं दीप प्रज्वलन द्वारा किया। तद्पश्चात कार्यक्रम संयोजक लायन सरोज बंसल एवं लायन लक्ष्मी अग्रवाल ने चन्दन तिलक एवं पुष्प वर्षा द्वारा स्वागत किया लायन यामिनी गुप्ता द्वारा ध्वज वंदना एवं लायन प्रार्थना का पठन किया गया तथा विश्व शांति हेतु एक मिनट का मौन




रखा गया तथा राष्ट्रीय गान के बाद प्रेसिडेंट एम.जे.एफ. लायन डॉ. मंजू अग्रवाल द्वारा मीटिंग शुरुआत की घोषणा की गयी।एम.जे.एफ. लायन डॉ. मंजू अग्रवाल ने सामान्य सभा को संबोधित करते हुए तीसरी केबिनेट मीटिंग में सदस्यों की तारीफ करते हुए भविष्य में भी इसी तरह के सहयोग की उम्मीद जताते हुए सभी का आभार व्यक्त किया सचिव लायन सुधा अग्रवाल ने क्लब द्वारा पूर्व में किये गए कार्यो का तथा आने वाले कार्यो का ब्यौरा सदन के समक्ष प्रस्तुत किया। रीजन चेयरपर्सन रीजन-2 सांवरियाँ एम.जे.एफ. लायन गिरीश गुप्ता ने भी तीसरी केबिनेट मीटिंग में दिए गए सभी सदस्यों के सहयोग को सराहा तथा डिस्ट्रिक्ट को रीजन कांफ्रेंस हेतु 3 मई 2025 तारीख तय करके सदन को अवगत करवाया।

लायन गिरीश गुप्ता ने बताया कि रीजन कांफ्रेंस में उनके रीजन में आने वाले सभी क्लब्स के पदाधिकारीयो से संपर्क करके उनकी कार्य रिपोर्ट्स के आधार पर पुरूस्कार देने की बात कही। कांफ्रेंस में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पी.एम.जे.एफ. लायन सुनील अरोडा एवं उनकी केबिनेट के सदस्यों एवं रीजन 2 के सभी क्लब्स के पदाधिकारियों को निमंत्रण भेजा जाएगा रीजन कांफ्रेंस हेतु टीम भी तैयार की गयी जो जल्द ही कार्य प्रारंभ करेगी। मीटिंग में सभी मुद्दों पर चर्चा के पश्चात् अध्यक्ष लायन डॉ.मंजू अग्रवाल द्वारा सभा समाप्ति की विधिवत घोषणा की गयी। कार्यक्रम संयोजक लायन सरोज बंसल एवं लायन लक्ष्मी अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष का होली मिलन समारोह बिल्कुल अनूठे ढंग से मनाया गया शादी के 50वर्ष पूरे होने पर लायन घनश्याम अग्रवाल एवं उनकी पत्नी लायन सुधा अग्रवाल तथा दूसरे जोडे में लायन राकेश गोयल एवं लायन बबिता गोयल ने एक दुसरे को वरमाला पहनाई तथा सभी ने दोनों द पत्तियो को अपनी शुभकामनाये प्रेषित करी होली मिलन समारोह एम.जे.एफ.लायन डॉ.एस.सी.मित्तल के सिलीसेढ़ रोड स्थित खोज' फार्म हाउस अलवर में किया गया, जहाँ मनोरंजक हाउजी गेम खेला गया होली के मनोरंजक गानों एवं परोडी पर सभी क्लब सदस्यों ने जमकर ग्रुप डांस किया, वहीं एक दूसरे को चन्दन तिलक लगाकर होली की शुभकामनाये प्रेषित करी मजेदार माहोल में जायकेदार सहभोज का सभी ने जमकर लुफ्त उठाया। लायन प्रह्लाद प्रसाद गुप्ता अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के संयोजक होने के नाते सभी को गमले में लगे पौधे को देकर हर महिला को बधाई प्रेषित करवाई। सभी परिवार में गुलाल एवं नीबू पानी के पाउच का वितरण किया गया तथा सुखी होली खेलकर पानी बचने का सन्देश दिया वही सदस्यों को चिडियाओ के दाने चुनने वाला हैंगिंग बांस का पात्र भी दिया ताकि आगामी गर्मी में दाने की तलाश में पक्षी इधर उधर ना भटके। कार्यक्रम संयोजक लायन सरोज बंसल एवं लायन लक्ष्मी अग्रवाल ने सभी को धन्यवाद दिया।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
11 मार्च, 2025





# महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय का किया औचक निरीक्षण

- विभिन्न शाखाओं में जाकर सफाई व्यवस्था को परखा
- कहा कि शहर को स्वच्छ रखते हुये कार्यस्थल को भी रखे स्वच्छ

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर, (का.सं.)। नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने सोमवार को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय का आस्कमिक निरीक्षण किया। महापौर ने करीब एक घंटे से भी अधिक समय तक मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया। इस दौरान राजस्व शाखा, वित्त शाखा, इंजीनियर विंग, कम्प्यूटर शाखा, विद्युत शाखा सहित विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण किया। महापौर ने शौचालयों का निरीक्षण किया अधिशाषी अभियन्ता मुख्यालय को सभी शौचालयों को साफ करवाने एवं मरम्मत करवाने के निर्देश दिये। बिल्डिंग में जगह-जगह जाले देखकर महापौर ने नाराजगी जाहिर की तथा जमादार को तुरन्त जाले हटवाने के निर्देश दिये साथ ही जहां कही भी टूटे-फूटे फर्नीचर रखे हुये थे उन्हें हटवाने के निर्देश दिये तथा जहां आवश्यक हो वहां रंग रोगन करवाने के निर्देश दिये।




कई शाखाओं में रेड स्पॉट बने हुये थे जिसे देखकर महापौर ने नाराजगी जाहिर की तथा उसे साफ करने के निर्देश दिये। महापौर ने शिशुपालना गृह का भी निरीक्षण किया वहां की सफाई व्यवस्था, बच्चों की देखभाल, रसोई, शौचालय आदि का निरीक्षण किया साथ ही बच्चों के साथ लाड़-दुलार भी किया। महापौर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो शहर की सफाई कर शहर को स्वच्छ रखते है उनके खुद का कार्यस्थल भी स्वच्छ होना चाहिए।

## सूरत आगजनीः प्रवासी राजस्थानी व्यापारियों के लिए भागीरथ चौधरी ने मांगा विशेष सहायता पैकेज

**जयपुर टाइम्स**

दिल्ली/सूरत/जयपुर/अजमेर। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को पत्र लिखकर सूरत के शिवशक्ति टेक्सटाइल मार्केट में भीषण आगजनी से प्रभावित प्रवासी राजस्थानी व्यापारियों के लिए विशेष सहायता पैकेज की मांग की है।25 से 27 फरवरी 2025 के बीच लगी इस आग में 400 से अधिक दुकानें जलकर राख हो गई, जिससे व्यापारियों को लगभग 700-800 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस अग्निकांड ने व्यापारियों की वर्षों की मेहनत को नष्ट कर दिया, जिससे उनका भविष्य संकट में है। चौधरी ने गुजरात सरकार से त्वरित राहत उपायों की अपील की और राजस्थान सरकार से भी सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों को मिलकर व्यापारियों के पुनर्वास के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। प्रभावित व्यापारियों की मांग पर संज्ञान लेते हुए चौधरी ने न केवल गुजरात सरकार को पत्र लिखा, बल्कि इस मुद्दे को केंद्र सरकार के समक्ष उठाने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि गुजरात सरकार प्रवासी राजस्थानी व्यापारियों की हर संभव मदद करेगी।



## 21 अप्रेल से शुरू होंगे आरएएस भर्ती-2023 के साक्षात्कार

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2023 के साक्षात्कार 21 अप्रेल 2025 से शुरू किए जाएंगे। इस संबंध में विस्तृत कार्यक्रम यथा समय जारी कर दिया जाएगा।

आयोग सचिव ने बताया कि उक्त भर्ती के अन्तर्गत प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम में सफल रहे 19355 अभ्यर्थियों हेतु मुख्य परीक्षा का आयोजन दिनांक 20 एवं 21 जुलाई 2024 को किया गया था। मुख्य परीक्षा का परिणाम दिनांक 2 जनवरी 2025 को जारी किया जाकर 2 हजार 168 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु सफल घोषित किया गया था। इन अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा। इस संबंध में अभ्यर्थियों को सूचना उपयुक्त माध्यमों से दे दी जाएगी। अद्यतन जानकारी हेतु अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट का समय-समय पर अवलोकन कर सकते हैं।

### कुल 972 पदों के लिए आयोजित होंगे साक्षात्कार

उक्त भर्ती का विज्ञापन 28 जून 2023 को जारी किया जाकर कुल 905 पद ( राज्य सेवाएं 424 एवं अधीनस्थ सेवाएं 481) के लिए अभ्यर्थियों से 1 जुलाई से 31 जुलाई 2023 तक आवेदन प्राप्त किए गए थे। कार्मिक (क-4/2) विभाग से प्राप्त नवीन वर्गवार वर्गीकरण एवं निर्देशानुसार पदों की कुल संख्या 972 (राज्य सेवाएं 491 एवं अधीनस्थ सेवाएं 481) किए जाने के संबंध में शुद्धि-पत्र संख्या 6/2023-24 दिनांक 19 अक्टूबर 2023 को जारी किया गया था।

### 6 लाख 96 हजार से अधिक अभ्यर्थियों के लिए हुआ था प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन

भर्ती अन्तर्गत कुल पंजीकृत 6 लाख 96 हजार 969 अभ्यर्थियों हेतु प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन दिनांक 1 अक्टूबर 2023 को प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक किया गया। परीक्षा में कुल 4 लाख 57 हजार 927 अभ्यर्थी उपस्थित हुए थे। परीक्षा समाप्ति उपरांत आयोग द्वारा सायंकाल मॉडल उत्तरकुंजी जारी की गई। इस मॉडल उत्तरकुंजी पर 2 अक्टूबर से 4 अक्टूबर 2023 तक परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आपत्तियां आमंत्रित की गई थी। प्राप्त आपत्तियों के परीक्षण उपरांत 20 अक्टूबर 2023 को आरएएस (प्रारंभिक) परीक्षा-2023 का परिणाम जारी किया गया था।

## बाड़मेर नगर परिषद में फर्जी पट्टे जारी करने के प्रकरण में 120 पट्टे निरस्त, जांच के बाद होगी दोषियों पर कार्रवाई : खर्रा

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर, (का.सं.)। नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि बाड़मेर नगर परिषद द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान में पट्टे जारी करने में अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 120 पट्टों को निरस्त कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त परिषद द्वारा 'बी' अंकित कर डिस्पैच किए गए सभी पट्टों को भी शून्य घोषित करने के आदेश जारी किए गए हैं। शून्यकाल के दौरान राज्य मंत्री खर्रा ने सदस्य डॉ. प्रियंका चौधरी द्वारा उठाए गए प्रश्न के जवाब में बताया कि परिषद के उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार, 'बी' अंकित कर डिस्पैच किए गए पट्टो में से 310 पट्टों का रिकॉर्ड मिला है और जिसकी संपूर्ण राशि नगर परिषद कोष में जमा है। उन्होंने आगे कहा कि विभाग ने इस मामले की जांच क्षेत्रीय उपनिदेशक, स्थानीय निकाय विभाग, जोधपुर को सौंपी है। जिसकी वर्तमान में जाँच प्रक्रियाधीन है।

## मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत छात्र संख्या 50 हजार तक बढ़ाई जाएगी : मंत्री अविनाश गहलोत

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर, (का.सं.)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने सोमवार को विधानसभा में बताया कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत वर्तमान में 30 हजार छात्र-छात्राओं को कोचिंग सुविधा दी जा रही है, जिसे आगामी वर्षों में 50 हजार तक बढ़ाने की योजना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का उद्देश्य है कि कोई भी जरूरतमंद छात्र कोचिंग के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। मंत्री गहलोत ने बताया कि 23 फरवरी 2025 तक इस योजना के लिए 67,427 आवेदन प्राप्त हुए, जो निर्धारित लक्ष्य से 225त्न अधिक हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने इस योजना में प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों को शामिल कर गुणवत्ता सुधार किया है। वर्तमान में 37 प्रतिष्ठित संस्थान सूचीबद्ध हैं।

2024-25 के लिए 127.10 करोड़ रुपये और 2025-26 के लिए 209 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। अप्रैल 2025 से नए सत्र की कोचिंग शुरू होगी, और जुलाई में 2025-26 के लिए पोर्टल खोला जाएगा।

गहलोत ने बताया कि योजना में यूपीएससी, आरएएस, मेडिकल, इंजीनियरिंग, क्लैट, सीए, सीएस, सीएमए की कोचिंग करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को 40 हजार रुपये का हॉस्टल अलाउंस भी दिया जाता है। योजना की लोकप्रियता के कारण गुजरात और पंजाब सहित अन्य राज्यों के अधिकारी इसे अपनाने में रुचि दिखा रहे हैं।

## जिला कलक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक, राजस्व संग्रहण में तेजी लाने के दिए निर्देश

**जयपुर टाइम्स**

सवाई माधोपुर, (नि.सं.)। जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को राजस्व अर्जन करने वाले आबकारी, खनिज, परिवहन, वाणिज्यिकर, स्टाम्प एवं पंजीयन विभागों के अधिकारियों की बैठक कलक्टर कक्ष में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों से आवंटित लक्ष्यों एवं उनके विरूद्ध अर्जित राजस्व अर्जन के साथ-साथ बकाया वसूली की समीक्षा कर राजस्व बढाने के निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी विभाग के विश्रीय वर्ष 2024-25 में आवंटित लक्ष्य के विरूद्ध 73.93 प्रतिशत वसूली पर बकाया राशि की वसूली हेतु बाकीदारों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश आबकारी अधिकारी अनिल यादव को प्रदान किए। उन्होंने कहा कि निलम्बन या बन्द होने के बावजुद कोई भी खुदरा शराब की दुकान अनाधिकृत संचालित न हो तथा जिले मे अवैध हथकड शराब बनाने व अवैध शराब बेचने वालो पर स्थानीय पुलिस व राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर संयुक्त अभियान चलाकर अधिकाधिक नियमानुसार कार्यवाही करे।

उन्होंने परिवहन विभाग को आवंटित लक्ष्य से कम प्रगति पर वाहनों की ओडिट समय पर करवाने, अवैध खनन सामग्री परिवहन एवं ऑवरलोडिंग वाहनों की चैकिंग बढ़ाने, बिना नंबर वाले वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही कर राजस्व अर्जन संग्रहण में तेजी लाने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी पीआर मीना को दिए। साथ ही डिफाल्टर वाहनों की जांच कर डिमांड नोटिस जारी करने एवं टैक्स जमा नहीं कराने वाले वाहनों का नियमानुसार रजिस्ट्रेशन निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनकंपाउड चालानो में शत-प्रतिशत वसूली के प्रयास किये जाकर आगामी माह मे बेहतर रणनीति बनाकर आवंटित लक्ष्यानुसार राजस्व अर्जन की कमी पूर्ति के प्रयास किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने खनिज विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन के विरूद्ध पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने व बकाया वसूली में प्रभावी कार्यवाही कर अधिक से अधिक राजस्व अर्जन करने के निर्देश दिए।उन्होंने वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवंटित लक्ष्य के विरूद्ध 61.12 प्रतिशत लक्ष्य अर्जन पर असंतोष व्यक्त करते हुए आवंटित लक्ष्य अर्जित करने, प्रतिदिन रिर्पोटिंग करने, रोड चेकिंग, जीएसटी की शिकायत प्राप्त होने पर जांच करने, गौदामो की जांच आदि के सख्त निर्देश वाणिज्यिक कर अधिकारी जगमोहन मीना को दिए। अवैध फर्मो, होटल्स, मोटल्स इत्यादि पर विशेष निगरानी के लिए भी निर्देशित किया गया।

उन्होंने उप पंजीयक भांवरा, गंगापुर सिटी, टोडरा, चौथ का बरवाडा व बरनाला की वसूली निर्धारित लक्ष्यानुसार नही पाई जाने पर नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। सभी उपपंजीयकों को अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर पटटा हस्तान्तरण तथा रजिस्टीऊ की कार्यवाही को प्रोत्साहित सुनिश्चित करने, अवकाश के दिन भी कार्यालय खुले रखकर ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हेतु प्रयास करने के निर्देश दिए।

## जन सहभागिता से होगा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चकेरी में भौतिक सुविधाओं का विकास

### जिला कलक्टर को ग्रामवासियों ने सौंपा 8 लाख 39 हजार 600 रूपए का चैक

**जयपुर टाइम्स**

सवाई माधोपुर, (नि.सं.)। जिला कलक्टर शुभम चौधरी द्वारा जिले में संचालित नवाचारी कार्यक्रम भविष्य की उड़ान 2.0 से प्रेरित होकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चकेरी में भौतिक सुविधाओं के विकास के लिए ग्रामवासियों द्वारा सामूहिक रूप से सरसों की तूड़ी नीलामी कर 8 लाख 39 हजार 600 रूपए की राशि का चैक विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य बाबू लाल मीणा द्वारा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हरकेश मीणा की उपस्थिति में मुख्यमंत्री जन सहभागिता विद्यालय विकास योजनान्तर्गत जमा करवाने हेतु जिला कलक्टर शुभम चौधरी को सुपुर्द किया।

जिला कलक्टर द्वारा जिले के सरकारी विद्यालयों की आधारभूत संरचना के विकास हेतु ग्रामवासियों द्वारा किए जा रहे आर्थिक सहयोग के लिए चैक देने आए ग्रामवासियों की प्रशंसा की तथा इस पहल को आगे भी जारी रखने हेतु प्रोत्साहित किया। एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि भविष्य की उड़ान 2.0 कार्यक्रम से जिले के ग्रामवासी तथा भामाशाह प्रेरित होकर लगातार जिले के विद्यालयों के भौतिक विकास में अपना आर्थिक योगदान दे रहें है जिससे जिले के विद्यालयों में भौतिक संसाधनों की पूर्ति होने से विद्यालयों का स्वरूप में लगातार सुधार हो रहा है। जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सरकारी विद्यालयों, की आधारभूत संरचना के विकास व सुदृढ़ीकरण हेतु भविष्य की उड़ान कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त उक्त राशि का उपयोग किया जाता है।

### आरपीएससीः- फर्जी डिग्री व प्रमाण-पत्रों पर लगेगी लगाम

## डिजीलॉकर से हो सकेगा डिग्री व अंकतालिका का सत्यापन

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा अब डिग्रियों व अंकतालिकाओं, अन्य दस्तावेजों का सत्यापन नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी में संधारित डेटा को डिजी लॉकर के माध्यम से एक्सेस कर भी किया जा सकेगा। इस संबंध में राष्ट्रीय इ-गवर्नेंस प्रभाग इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी की पहल पर उनकी टीम द्वारा 25 फरवरी 2025 को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था। आयोग सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय इ-गवर्नेंस प्रभाग इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा डिजी लॉकर को आयोग की भर्ती प्रक्रियाओं में उपयोग लिए जाने हेतु अनुरोध किया गया था। इस क्रम में डिजी लॉकर प्लेटफार्म का इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारी द्वारा तकनीकी प्रेजेंटेशन आयोग के अधिकारियों के समक्ष किया गया था। इसमें डिजी लॉकर के उपयोग एवं उपलब्ध ऑनलाईन आधारित दस्तावेजों के बारे में जानकारी दी गई।डिजी लॉकर पर आधार, 10वीं/12वीं/ग्रेजुएशन इत्यादि की अंकतालिका स्व-प्रमाणीकरण के द्वारा उपलब्ध हो जाती है। इसमें दस्तावेज जिस अथॉरिटी (प्राधिकारी) द्वारा जारी किया गया है. वहीं से प्रमाणित होकर डिजी लॉकर में उपलब्ध होता है। ऐसे में उस दस्तावेज को पुनः सत्यापित किये जाने की आवश्यकता नहीं रहती है एवं दस्तावेज सत्यापन में समय भी कम लगता है।इलैक्ट्रानिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा राजस्थान लोक सेवा आयोग को भी डिजीलॉकर के लिए ऑनबोर्ड किया गया है। यह भारत सरकार का एप्लीकेशन है जो कि पूर्णतया सुरक्षित एवं संरक्षित है।

### भर्ती प्रक्रिया को गति देने के लिए अवश्य बनाएं डिजी लॉकर अकाउंट

दस्तावेज सत्यापन की यह प्रक्रिया फर्जी डिग्री व प्रमाण-पत्रों पर लगाम लगाने में भी प्रभावी सिद्ध हो सकेगी। इसके माध्यम से अभ्यर्थी की सही पहचान तथा दस्तावेजों की प्रामाणिकता पर रहने वाले संशय को भी दूर किया जा सकेगा, जिससे पात्र अभ्यर्थियों का चयन सुनिश्चित होने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन ऑनलाईन स्वतः प्रमाणीकरण के आधार पर उपलब्ध होने से इस प्रक्रिया में लगने वाले अनावश्यक समय में कमी होगी एवं भर्ती प्रक्रिया त्वरित गति से पूर्ण की जा सकेगी। निकट भविष्य में अभ्यर्थियों की वन टाइम रजिस्ट्रेशन संबंधी एप्लीकेशन आईडी/एडमिट कार्ड इत्यादि से संबंधित सूचनायें भी डिजी लॉकर से इंटीग्रेट कर सुगमता से उपलब्ध करवाई जा सकेंगी।

डिजी लॉकर की उपयोगिता के दृष्टिगत भर्ती परीक्षाओं हेतु आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को डिजी लॉकर पर अकाउंट अवश्य बनाना चाहिए। इसके बाद अपने अकाउंट में स्वयं के दस्तावेज यथा- 10वीं/12वीं/ग्रेजुएशन/पोस्ट ग्रेजुएशन की अंकतालिका को ऑनलाइन ही फेच करावें। एक बार फेच होने के उपरांत यह दस्तावेज अभ्यर्थी के डिजी लॉकर में संधारित रहेंगे, जिनका उपयोग अभ्यर्थी द्वारा भी आवश्यकता पड़ने पर आसानी से किया जा सकेगा।

**स्वच्छ सर्वेक्षण-2024** स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 को लेकर नगर निगम ने कसी कमर, हैरिटेज एवं ग्रेटर की हुई संयुक्त बैठक

## नगर निगम द्वारा SOLID & LIQUID WASTE MANAGEMENT के तहत संचालित प्रसंस्करण संयंत्रों पर बिन्दुवार हुई चर्चा

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर, (का.सं.)। नगर निगम ग्रेटर स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 को लेकर एक्शन मोड में है तथा सर्वश्रेष्ठ रैंकिग के लिये लगातार प्रयास कर रहा है।

सोमवार को नगर निगम ग्रेटर एवं नगर निगम हैरिटेज की स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 की तैयारियों के मध्यनजर संयुक्त बैठक आयोजित की गई बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के अन्तर्गत टीमों द्वारा प्लांट से संबंधित जिन बिन्दुओं का निरीक्षण या सर्वे किया जायेगा उन सभी बिन्दुओं पर धरातल पर कार्य करने के निर्देश दिये ताकि स्वच्छ सर्वेक्षण में सर्वश्रेष्ठ रैंकिग हासिल की जा सके। बैठक में नगर निगम ग्रेटर आयुक्त



रूकमणि रियाड़ एवं नगर निगम हैरिटेज आयुक्त अरूण कुमार हसीजा, अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार सहित उपायुक्त स्वास्थ्य नगर निगम ग्रेटर, हैरिटेज, उपायुक्त गैराज, अधिशाषी अभियन्ता प्रोजेक्ट, अधिशाषी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, हैरिटेज एवं ग्रेटर के अधिकारी सहित प्रसंस्करण संयंत्र ओआईसी ग्रेटर एवं हैरिटेज एवं पीआईयू टीम के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में SOLID & LIQUID WASTE MANAGEMENT के तहत नगर निगम द्वारा संचालित प्रसंस्करण संयंत्र सेवापुरा स्थित 750 टीपीडी क्षमता का वेस्ट टू कम्पोस्ट प्लांट, झालाना स्थित 25 टीपीडी क्षमता का एमआरएफ प्लांट, हिंगौनिया स्थित 100 टीपीडी क्षमता का हिंगौनिया सीबीजी (कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट), लागड़ियाबास स्थित 700 टीपीडी क्षमता का एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) कम आरडीएफ (REFUSE DERIVED FUEL) प्लांट, डोमेस्टिक हर्जाडस -सेनिटरी प्लांट, देहलावास स्थित एसटीपी प्लांट, लांगडियावास स्थित 300 टीपीडी क्षमता का सीएनडी वेस्ट प्लांट तथा डब्ल्यूटीई प्लांट पर चर्चा की गई तथा स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदण्डों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिये साथ ही प्लांट के संबंधित OIC को धरातल पर कार्य करने के निर्देश दिये।

## संपादकीय .....

# असंतुलित आर्थिक नीतियां बढ़ा रही हैं अमीरी गरीबी की खाई

देश के लगभग 100 करोड़ भारतीयों के पास इतनी आय नहीं है कि वे विवेकाधीन वस्तुओं पर कुछ भी खर्च कर सकें। अर्थात वे किसी भी प्रकार से किसी भी वस्तु पर अतिरिक्त खर्च करने में असमर्थ हैं। लोग जरूरत के अलावा सामान या सुविधाएं नहीं खरीद सकते। वहीं, देश के केवल 10 फीसदी लोग, अर्थात 13-14 करोड़ लोग देश की अर्थव्यवस्था को चला रहे हैं, क्योंकि ये लोग ही सबसे ज्यादा खर्च करते हैं और देश की तरक्की में बड़ा रोल निभाते हैं। केंद्र सरकार एक तरफ देश में तरक्की का नया मॉडल पेश करते हुए विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों का आंकड़ा पेश करती है, वहीं गरीबी और अमीरी की बढ़ती खाई ने इस मॉडल पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। ब्लूम वेंचर्स की इंडस वैली की वार्षिक रिपोर्ट 2025 भारत की आर्थिक विषमता की यह तस्वीर पेश करती है। इस रिपोर्ट का सरकार द्वारा किसी तरह प्रतिवाद नहीं किए जाने से साफ जाहिर है कि देश की आर्थिक सेहत एक तरफा जा रही है। अमीरी और गरीबी की खाई का चौड़ा होना जारी है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत का उपभोक्ता बाजार बड़े स्तर पर विस्तार नहीं कर रहा है, बल्कि एक ही जगह गहरा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि भले ही अमीर लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो रही है, लेकिन जो लोग पहले से ही अमीर हैं, वे और भी अमीर हो रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार शीर्ष 10 प्रतिशत भारतीयों (10 सबसे अमीर भारतीय) के पास अब कुल नेशनल आय का 57.7 प्रतिशत हिस्सा है, जो पहले 1990 में 34 प्रतिशत था, जबकि निचले स्तर पर यह हिस्सा पहले के 22.2 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावा, 30 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल फिलहाल खर्च करना शुरू किया है। ये लोग भी अपने खर्च को लेकर बहुत सावधान हैं। खर्च करने वाला वर्ग बढ़ नहीं रहा! आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। 12 लाख रुपये तक कमाई करने वालों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा जिससे 92 प्रतिशत वेतनभोगी लोगों को राहत मिलेगी। इसके बावजूद भारत की खपत चीन से 13 साल पीछे है। वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति खर्च 1,493 डॉलर था, जबकि चीन में वर्ष 2010 में ही ये 1,597 डॉलर था। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में भी हालात ठीक नहीं हैं। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में बढ़ता कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। दिसंबर 2024 तक इस सेक्टर के नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। ये अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है और कुल लोन का 13 प्रतिशत है। अमीर-गरीब के बीच की खाई भारत में कभी छिपी नहीं रही है। यह खाई और चौड़ी हो गई है। माइक्रोफाइनेंस का मतलब है गरीब परिवारों को बिना गारंटी के लोन देना।

# विदेशी आक्रांताओं के शुभचिंतकों को 'सनातन भूमि' में रहने का हक नहीं, समझे सरकार!



सनातन भूमि भारतवर्ष, जिसे जम्बूद्वीप, आर्यावर्त, आसेतु हिमालय आदि विभिन्न नामों से पुकारा गया है, में मुस्लिम आक्रमणकारियों और ब्रिटिश आतताई अधिकारियों के महिमामंडन का जो सियासी होड़ जब-तब मची रहती है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। सवाल है कि इनसे जुड़े विभिन्न प्रतीक चिन्हों-स्मारकों आदि, इनके नाम पर बसाए गए गांवों-शहरों, नामांकित सड़कों या विभिन्न संस्थानों को मिटा क्यों नहीं दिया जाता, क्योंकि ये सनातन भूमि पर रिसते घाव की मानिन्द हैं।

यक्ष प्रश्न यह भी है कि आज इनकी जरूरत क्या है, किनको है और क्यों है? और यदि है तो फिर ऐसे देशद्रोहियों की यहां जरूरत है? यदि बाबर, अकबर, औरंगजेब जैसे क्रूर मुस्लिम शासकों या जनरल डायर जैसे क्रूर ब्रिटिश अधिकारियों या फिर ओसामा बिन लादेन, कसाब जैसे क्रूर आतंकवादियों का, पाकिस्तान-बंगलादेश जैसे फिरकापरस्त ताकतों के शुभचिंतक यहां हैं तो भारतीय प्रशासन का यह पहला कर्तव्य है कि राष्ट्रहित में इनकी शिनाख्त करे और इन्हें राष्ट्रीय सीमा से बाहर करे।

यह अहम बात है कि जब तक ये बाहर नहीं हो जाते, तबतक इनको मताधिकार और राष्ट्रीय जनसुविधाओं से वंचित किया जाए। इनके भारतीय पहचान पत्र निरस्त किये जाएं। क्योंकि सुलगता सवाल है कि भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में जब कोई नेता या बुद्धिजीवी सिर्फ मजहबी कारणों से जुल्मियों का महिमामंडन करने का दुस्साहस करे, तो इनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करना भारतीय प्रशासन का पहला कर्तव्य होना चाहिए। क्योंकि इस पवित्र हिन्दू भूमि पर ऐसा करते रहने की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती है! ऐसे देशद्रोही, सनातन द्रोही तत्वों के खिलाफ भारतीय नेताओं और प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। इस दिशा में कोई लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए, अन्यथा इनके हौसले बढ़ेंगे। कहना न होगा कि जब हम इंडिया कहते हैं तो उसका अभिप्राय अफगानिस्तान, पाकिस्तान, तिब्बत, वर्मा, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव समेत भारत के उस विशाल भूभाग से लिया जाता है, जो भारतीय उपमहाद्वीप के रूप में सुप्रसिद्ध हिन्दू भूमि है। यदि आप महाभारत को पढ़ेंगे तो पता चलेगा कि यह पूरी दुनिया ही सनातनी थी, देवत्व मिजाजी थी और जो दानव या असुर मिजाजी थे, वो हिंदुओं से अलग होते गए। फिर भी आर्यावर्त में हिंदुत्व का दबदबा हमेशा बना रहा। इसलिए चाहे मुस्लिम आक्रमणकारियों का जत्था रहा हो या ब्रिटिशर्स ईसाइयों की फौज और उससे जुड़े लोग, जो यहां पर विदेशी आक्रमणकारी बनकर आए, यहां के शांतिप्रिय लोगों पर जुल्म ढाए और फिर यहीं रच-बस गए हैं। इन्होंने हथियार के बल पर धर्मांतरण कराया और सनातन मंदिरों उनके संरक्षक रजवाड़ों को नष्ट किया। चूंकि ये सभी बाहरी आक्रांता हैं, मंगोल या अरब से आये हैं, इसलिए इनकी असली जगह इनके मूल देशों में है, न कि सनातन भूमि में! क्योंकि इनकी सहानुभूति भारत से नहीं, बल्कि उन्हीं मुल्कों से है। हिंदुओं के नाम पर देश विभाजन करके फिर से भारत में फिरकापरस्त सियासत को बढ़ावा देना, वैसे ही संविधान का निर्माण करवाना कांग्रेस की ऐसी गलती रही है, जिसकी सजा उसे हिन्दू समाज देता आया है। क्योंकि आजादी के बाद मुसलमानों और ईसाइयों को देश से बाहर करवाना, उनसे जुड़ी स्मृतियों को समाप्त करना और भारतीय शासकों, ऋषियों-मुनियों और देवताओं की स्मृतियां कायम करवाना उसका दायित्व था, लेकिन उसने धर्मनिरपेक्षता और गंगा-यमुना संस्कृति के नाम पर हिन्दू समाज को धोखा दिया।

ऐसा इसलिए कि सनातन भूमि, देव भूमि समझी जाती है। यही ऋषियों-मुनियों की तपोभूमि है। यह अहिंसक भूमि है। जबकि मुस्लिमों-ईसाइयों का स्वभाव ही हिंसक है। ये लोग मांसभक्षी हैं और क्रूर भी होते हैं। इनके राजकाज वश, इनके संसर्ग में रहने वाले हिन्दू भी वैसे ही हो गए, जैसे ये हैं। इन्होंने फुट डालो और शासन करो की नीतियों से हिंदुओं में सामाजिक व जातीय दुर्भावना को जन्म दिया है।आधुनिक संवैधानिक व्यवस्था भले ही ऐसे तत्वों को धर्मनिरपेक्ष कहती है। लेकिन सदियों से इनका जो स्वभाव रहा है, लड़ाई-झगड़े, दंगा-फसाद की जो नियति रही है, उसके दृष्टिगत तो यही कहना उचित रहेगा कि इन्हें या तो खुद को बदलने का अवसर दिया जाए या फिर भारतीय उपमहाद्वीप से निकाल बाहर किया जाए।

बदलते वक्त की मांग है कि सनातन भूमि की नैसर्गिक जरूरतों के मद्देनजर भारतीय संविधान का पुनर्निर्माण हो। इससे पहले कोई इतना मजबूत शासक बने, जो अखण्ड भारत का निर्माण करे। साथ ही आसेतु हिमालय में रच-बस चुके सनातन द्रोहियों को हृदय परिवर्तन, स्वभाव और संस्कार परिवर्तन यानी धर्मपरिवर्तन कर हिंदुओं में शामिल होने का अवसर दे, अन्यथा जिद्दी बनकर अपने धर्म पर अडिग रहने वालों को उसी प्रकार से आसेतु हिमालय यानी भारतीय उपमहाद्वीप से निकाल बाहर करे जैसे कि अमेरिका अपने यहां के अवैध प्रवासियों को कर रहा है।इस बात में कोई दो राय नहीं कि मुस्लिम और ईसाई आदि रह तो रहे हैं भारतीय उपमहाद्वीप में, लेकिन यशोगान करते फिरते हैं अरब और ईसाई देशों का। भारतवर्ष पर शासन करने वाले क्रूर शासकों या अधिकारियों का। खासकर सियासत में तो इनका यशोगान करने वालों पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया जाना चाहिए। आज देश में जिस क्रूर बादशाह औरंगजेब, जो अपने पिता और भाइयों का नहीं हुआ, को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तेज हो चुके हैं।

ऐसे में औरंगजेब के उस आखिरी खत की चर्चा यहां मुनासिब है, जो खोल देगा उसका महिमामंडन करने वालों का दिमाग। क्योंकि औरंगजेब के उस आखिरी खत का जिक्र इतिहास की किताबों में हुआ है। इसमें औरंगजेब अपने पापों की कहानी खुद कहता है। विवादास्पद मुगल शासक ने अपनी मृत्यु से पहले के पछतावे में अपने किये गुनाहों का जिक्र किया है। प्रख्यात इतिहासकार राम कुमार वर्मा की लिखी किताब %औरंगजेब की आखिरी रात% में उस खत का मजमून दिया गया है। उसे आपको पढ़ना इसलिए जरूरी है ताकि मुंबई के समाजवादी पार्टी विधायक अबू आजमी ने औरंगज़ेब का जो महिमामंडन किया है और उस पर विवाद बढ़ा है, उसकी असली हकीकत आप भी जान लें।

इतिहास के पन्नों में देखेंगे तो पाएंगे कि विवादास्पद मुगल शासकों में सबसे बड़ा नाम औरंगजेब का है। जिसने ने गैर-मुसलमानों पर जजिया कर जैसी भेदभावपूर्ण नीतियां लागू कीं। उसने सिखों के गुरु तेग बहादुर का सिर कलम करवा दिया था। उसने गुरु गोविंद सिंह के बेटों को जिंदा दीवार में चुनवा दिया। उसने छत्रपति शिवाजी के पुत्र संभाजी महाराज की आंखें फोड़ दीं और नाखून उखाड़ लिए। इसके शासन काल में भारत में शरियत के आधार पर फतवा-ए-आलमगीरी लागू किया और बड़ी संख्या में हिंदू मंदिरों को नष्ट कर दिया गया। उसने काशी विश्वनाथ और सोमनाथ मंदिरों को नष्ट करवाया और लाखों हिंदुओं की हत्या करवाई। इसकी क्रूरता के कारण करीब-करीब पूरे भारतीय उपमहादीप में मुगल साम्राज्य अपना सबसे ज्यादा विस्तार कर पाया। औरंगजेब की मृत्यु 1707 ईस्वी में हुई थी।कहा जाता है कि मौत से पहले इसको अपने किये गुनाहों पर पछतावा था। औरंगजेब ने अपने बेटों, आजम शाह और काम बख्श को अपने खेद व्यक्त करने के लिए पत्र लिखे थे। इन पत्रों में उसने अपने पापों और असफलताओं के बारे में जिक्र किया था। औरंगजेब ने अपने आखिरी पत्र में जो लिखा था, वह उसके पछतावे की कहानी है। औरंगजेब ने मरने से पहले अपने बेटों को लिखी एक चिट्ठी में अपने पापों का जिक्र किया था। इस चिट्ठी में उन्होंने लिखा था कि उन्होंने लोगों का भला नहीं किया और उनका जीवन निरर्थक बीत गया।

**- कमलेश पाण्डेय**

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

## समसामयिक

# भारतीय टीम ने लिखी नई इबारत, 12 साल बाद जीती चैम्पियंस ट्रॉफी



12 साल बाद चैम्पियंस ट्राफी में भारत की विजय ने क्रिकेट इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। 2017 में पाकिस्तान ने फाइनल में भारत को हरा दिया था। इससे पहले 2013 में भारत ने यह खिताबी मुकाबला जीता था। तब धोनी की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड को फाइनल में हराया था। 2002 में भारत और श्रीलंका संयुक्त विजेता बने थे। इस तरह भारत ने रविवार को तीसरी बार आईसीसी की यह ट्राफी अपने नाम की है। इस विजय से विश्व कप- 2023 में अपने ही घर में ऑस्ट्रेलिया से मिली पराजय का गम भी कम हो गया है। भारत ने बिना कोई मैच हारे सभी मैच में जीत दर्ज की है। सेमी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हरा कर उसका दंभ भी हमने तोड़ दिया जो उसकी टीम ने विश्व कप के फाइनल में अहमदाबाद में दिखाया था। कंगारू टीम का मानमर्दन करके पूरी टीम इंडिया ने कमाल का प्रदर्शन किया है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच का रोमांच तो सिर चढ़ कर बोलता है। और, इस बार भी हमारी टीम ने उसे हराकर अच्छा सबक सिखाया है।

वैसे तो पिछला चैम्पियन होने के नाते पाकिस्तान इस टूर्नामेंट का मेजबान था लेकिन भारत ने अपने सभी मैच दुबई में खेले। चूंकि सुरक्षा कारणों से भारत ने पाकिस्तान में जाकर मैच खेलने से इनकार कर दिया था, इसलिए एक समझौते के तहत भारतीय टीम ने अपने मैच दुबई में खेलना स्वीकार किया। पाकिस्तान की दिली इच्छा थी कि भारत की टीम उसके देश में आए। उसने तर्क दिया कि हम विश्व कप के मैच खेलने 2023 में भारत गए थे तो भारत को पाकिस्तान आने में क्या दिक्कत है? मगर, भारत सरकार ने अपनी टीम को वहां जाने की अनुमति नहीं दी। दरअसल, पाकिस्तान हमेशा आतंकी हमलों का शिकार होता रहा है। लगभग दस साल तक उसके यहां कोई विदेशी टीम खेलने नहीं गई। फिर भारत को लेकर तो वहां ज्यादा ही कटुता है। इन्हीं कारणों से भारत ने वहां जाने से इनकार कर दिया। दुबई में पहले भी भारत खेल चुका है। वहां दर्शकों का भरपूर समर्थन टीम इंडिया को मिलता है। कोविड के समय अरब देश में आईपीएल का आयोजन भी हो चुका है। तटस्थ देश के रूप में भारत और पाकिस्तान के लिए यह मुफीद जगह है। मगर, दुबई के स्टेडियम में इस बार स्पिन गेंदबाजी ने बल्लेबाजों को नचा दिया। भारतीय टीम में जब पांच स्पिन गेंदबाजों को चुना गया तो लोग हैरान थे। पिच का स्वभाव देख कर ही भारत ने शुरू के दो मैचों के बाद अपने एकादश में चार स्पिनर रख लिये। यह निर्णय तुरुप का इक्का साबित हुआ। न्यूजीलैंड के खिलाफ लीग मैच में वरुण चक्रवर्ती ने पांच विकेट लेकर इस निर्णय को सही साबित कर दिया। भारत की स्पिन चौकड़ी अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव और वरुण ने विपक्षी टीमों के इर्द गिर्द ऐसा जाल बुन दिया जिसमें वे फंसते चले गए।

आमतौर पर 50 ओवर के मैच में चार स्पिनर नहीं खिलाए जाते हैं। लेकिन भारत का प्रयोग बेहद सफल रहा। फाइनल मैच में भी कुलदीप ने रचिन रवींद्र और विलियमसन को जल्द आउट करके न्यूजीलैंड की कमर तोड़ दी। अगर ये दोनों टिक जाते तो बड़ा स्कोर बना लेते, फिर भारत के सामने कठिन चुनौती पेश हो जाती। वरुण ने तीन मैचों में 9 विकेट लेकर अपनी उपयोगिता साबित कर दी है। वहीं, अक्षर पटेल ने आलराउंडर की भूमिका में खुद को फिट कर लिया है। बल्लेबाजी क्रम में अक्षर को ऊपर भेजने का बहुत लाभ मिला। उसका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। मध्य क्रम में श्रेयस अय्यर ने प्रभावशाली प्रदर्शन करके टीम को मजबूती दी। शुभमन गिल ने बांग्लादेश के खिलाफ तो विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ शतक बनाया। केएल राहुल की नाकामी से सभी चिंतित थे, पर सेमी फाइनल और फाइनल मैच के दौरान उसे यह दाग धो दिया। हार्दिक पांड्या ने बड़े शाट लगाकर लक्ष्य को आसान बना दिया। इस तरह सभी के योगदान से यह जीत मिली है। किसी एक खिलाड़ी को इसका श्रेय देना उचित नहीं होगा।

फाइनल मुकाबले में 252 रन का लक्ष्य बहुत बड़ा नहीं था पर, न्यूजीलैंड की टीम ने अपनी शानदार फील्डिंग से इसे मुश्किल बना दिया। भारत को कुछ विकेट फालतू में गंवाने पड़े वर्ना आसानी से जीत मिल जाती। क्रिकेट के खेल में कब क्या हो जाए कोई नहीं जानता। कप्तान रोहित और गिल के बीच सौ रन की ओपनिंग साझेदारी के बाद हालात कैसे बदल गए यह हम सबने देखा। %चेज मास्टर% कहे जाने वाले विराट कोहली एक रन बना कर चलते बने। न्यूजीलैंड की टीम ने चुस्त क्षेत्ररक्षण से भारत को रनो के लिए तरसा दिया। यह वही टीम है जिसने वर्ष 2000 की चैम्पियन ट्राफी के फाइनल में भारत को पराजित कर दिया था। तब इसका आयोजन केन्या में हुआ था।

कप्तान रोहित शर्मा ने लगातार दो आईसीसी ट्राफी जीत कर आलोचकों को जवाब दे दिया है। आपको बता दें कि पिछले साल जून में उनकी टीम ने देश को टी-20 विश्व कप दिलाया था। दुबई में यह अफवाह भी उड़ी कि रोहित वनडे प्रारूप से संन्यास लेने जा रहे हैं। मगर, उन्होंने खुद इसका खंडन कर दिया। उम्मीद करनी चाहिए कि विश्व कप-2027 तक वह भारत की ओर से खेलते रहेंगे। आस्ट्रेलिया में बार्डर-गावसकर ट्राफी के दौरान टेस्ट मैचों में बेहद खराब प्रदर्शन के कारण रोहित पर सवाल उठे थे। मगर, इस जीत ने उस पर पर्दा डाल दिया है।

पूरी टीम एकजुट होकर खेली तभी इतनी बड़ी कामयाबी मिली है। आज पूरा देश गर्व कर रहा है। टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए भी यह %विराट विजय% राहत पहुंचाने वाली है। पिछले साल न्यूजीलैंड से घरेलू टेस्ट सीरीज और ऑस्ट्रेलिया में मिली करारी पराजय के बाद गंभीर की कार्यशैली पर सवाल उठाए जा रहे थे। अगली चुनौती इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज है। आईपीएल के बाद टीम इंडिया को इंग्लैंड जाना है। देखना होगा कि वहां भारत का प्रदर्शन कैसा रहता है।

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

> वैसे तो पिछला चैम्पियन होने के नाते पाकिस्तान इस टूर्नामेंट का मेजबान था लेकिन भारत ने अपने सभी मैच दुबई में खेले। चूंकि सुरक्षा कारणों से भारत ने पाकिस्तान में जाकर मैच खेलने से इनकार कर दिया था, इसलिए एक समझौते के तहत भारतीय टीम ने अपने मैच दुबई में खेलना स्वीकार किया। पाकिस्तान की दिली इच्छा थी कि भारत की टीम उसके देश में आए। उसने तर्क दिया कि हम विश्व कप के मैच खेलने 2023 में भारत गए थे तो भारत को पाकिस्तान आने में क्या दिक्कत है? मगर, भारत सरकार ने अपनी टीम को वहां जाने की अनुमति नहीं दी। दरअसल, पाकिस्तान हमेशा आतंकी हमलों का शिकार होता रहा है। लगभग दस साल तक उसके यहां कोई विदेशी टीम खेलने नहीं गई। फिर भारत को लेकर तो वहां ज्यादा ही कटुता है।

## शख्सियत

# जमीन से जुड़े नेता थे माधवराव सिंधिया, दो बार बनते-बनते रह गए सीएम





10 मार्च को कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे माधवराव सिंधिया का जन्म हुआ था। वह राजघराने से ताल्लुक रखते थे। वह सिर्फ शाही वारिस ही नहीं बल्कि एक प्रभावशाली राजनेता भी थे। उन्होंने अपना राजनीतिक सफर जनसंघ से शुरू किया था। चार दशक के राजनीतिक करियर में दो मौके ऐसे भी थे, जब माधवराव सिंधिया मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद के एकदम करीब पहुंचे। लेकिन दोनों बार ही माधवराव की किस्मत ने उनका साथ नहीं दिया। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर माधवराव सिंधिया के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### जन्म और शिक्षा

मुंबई में 10 मार्च 1945 को माधवराव सिंधिया का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम जीवाजीराव सिंधिया था, जोकि ग्वालियर के महाराज थे। माधवराव सिंधिया ने ग्वालियर के प्रतिष्ठित सिंधिया स्कूल से पढ़ाई की। फिर आगे की शिक्षा विनचेस्टर कॉलेज और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से पूरी की। वहीं साल 1961 में पिता जीवाजीराव सिंधिया की मृत्यु के बाद माधवराव सिंधिया ग्वालियर के महाराज बने।


### राजनीतिक सफर

साल 1971 में पहली बार माधवराव सिंधिया राजनीति में आए। वहीं कुछ समय बाद ही वह देश के बड़े नेताओं में शुमार हो गए। साल 1991 से 1993 के बीच वह नरसिम्हा राव सरकार में नागरिक उड्डयन और पर्यटन मंत्री भी रहे। बता दें कि उन्होंने 26 साल की उम्र में पहली बार लोकसभा चुनाव जीता था। इसके बाद उनकी जीत का सिलसिला शुरू हो गया था। वहीं साल 1977 में हुए चुनावों में उन्होंने गुना से जीत हासिल की।

जनसंघ से अपने राजनीतिक सफ़र की शुरूआत करने वाले माधवराव सिंधिया का 80 के दशक में झुकाव कांग्रेस की ओर हो गया। जिसके बाद उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता भी ले ली। कांग्रेस में शामिल होने के बाद साल 1984 के लोकसभा चुनाव की लड़ाई काफी दिलचस्प हो गई। दरअसल, भाजपा के कद्दावर नेता अटल बिहारी वाजपेयी ग्वालियर से चुनावी मैदान में उतरे। तो वहीं कांग्रेस ने अंतिम समय में ग्वालियर से माधवराव सिंधिया को अपना उम्मीदवार बनाया। वहीं माधवराव सिंधिया ने जीत हासिल की और उनको रेल मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई।

### मृत्यु

कांग्रेस के दिग्गज नेता माधवराव सिंधिया 30 सितंबर 2001 को अपने प्राइवेट प्लेन से उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में एक सभा को संबोधित करने के लिए जा रहे थे। तभी भैंसरोली के पास उनका एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया था। इस हादसे में सिंधिया समेत सभी लोगों की मौत हो गई थी।



## 'भारत के एडिसन' जीडी नायडू की बायोपिक की घोषणा, माधवन निभाएंगे मुख्य भूमिका

**निर्देशक कृष्णाकुमार रामकुमार 'भारत के एडिसन' के नाम से मशहूर वैज्ञानिक जीडी नायडू की बायोपिक बनाएंगे। निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल जारी कर दिया है। टाइटल 'जी.डी.एन' रखा गया है, जिसमें अभिनेता आर. माधवन मुख्य भूमिका में दिखेंगे।**

वैज्ञानिक पर आधारित बायोपिक का भारत में शेड्यूल मंगलवार से शुरू हो चुका है, जिसमें आर माधवन के साथ अभिनेता प्रियामणि, जयराम और योगी बाबू भी शामिल होंगे। फिल्म में संगीत गोविंद वसंता ने दिया है। अभिनेता माधवन ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के टाइटल की घोषणा करते हुए एक पोस्टर शेयर किया। उन्होंने लिखा, आप सभी के आशीर्वाद और शुभकामनाओं की जरूरत है। जानकारी के अनुसार, फिल्म की पूरी शूटिंग कोयंबटूर में की जाएगी, जो वैज्ञानिक का जन्मस्थान है। खास बातचीत में फिल्म के कार्यकारी निर्माता मुरलीधरन सुब्रमण्यम ने बताया था, फिल्म का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा कोयंबटूर में शूट किया जाएगा और बाकी पांच प्रतिशत विदेश में शूट किया जाएगा। पांच प्रतिशत का एक छोटा हिस्सा, जो विदेश में शूट किया जाना था, वह पिछले साल ही पूरा हो चुका है। बाकी हिस्से की शूटिंग जारी है। मुरलीधरन ने कहा, निर्देशक और उनकी टीम ने वैज्ञानिक के जीवन पर तीन से पांच साल से भी अधिक समय तक रिसर्च किया है। टीम का उद्देश्य था कि जीडी नायडू, विज्ञान और समाज में उनके योगदान का कोई भी हिस्सा ना छूटे।

'रॉकेट्री- द नंबी इफेक्ट' को साल 2022 में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए मिले राष्ट्रीय पुरस्कार के बाद वर्गीज मूलन पिक्चर्स और ट्राइकलर फिल्म्स इस प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ आ रहे हैं। 'रॉकेट्री- द नंबी इफेक्ट' में नंबी नारायणन की भूमिका निभाने वाले माधवन अब जीडी नायडू की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण वर्गीज मूलन पिक्चर्स के वर्गीज मूलन और विजय मूलन तथा ट्राइकलर फिल्म्स के आर. माधवन और सरिता माधवन करने के लिए तैयार हैं। अरविंद कमलानाथन फिल्म के सिनेमैटोग्राफर और क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में काम करेंगे।



## मिसेज के बाद साइंस बेस्ड मूवी करेंगी सान्या

सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज हाल ही में सा रिलीज हुई। यह मलयालम फिल्म द ग्रेट इंडियन किचन की रीमेक है। इसे आरती कड़व ने डायरेक्ट किया। फिल्म में सान्या ने एक ऐसी हाउसवाइफ का किरदार निभाया, जो अपने जीवन में बड़ा मुकाम हासिल करना चाहती है लेकिन परिवार उसे सिर्फ किचन तक सीमित रखना चाहता है। यह सोच इरादतन नहीं, बल्कि पितृसत्तात्मक मानसिकता के कारण बनी रहती है। आरती ने इसी सोच को फिल्म में दिखाया है।

### फिल्म को मिली जबरदस्त तारीफ

आरती कहती हैं... फिल्म को उम्मीद से ज्यादा प्यार मिला। मैंने इसे जिम्मेदारी से बनाया था। मुझे लगा था कि लोग इस विषय पर चर्चा करेंगे लेकिन इतनी तारीफ मिलेगी, यह सोचा नहीं था। कई दर्शकों ने अपनी मां और बहनों की जिंदगी से जुड़ी कहानियां साझा कीं, जो फिल्म के किरदार से मेल खाती थीं। यह जानकर दुख भी हुआ कि समाज में अब भी ऐसी दकियानूसी सोच बनी हुई हैं।

### थिएटर में रिलीज का इरादा नहीं था

आरती ने बताया कि फिल्म को थिएटर में लाने का कोई इरादा नहीं था। इसलिए डायरेक्ट ओटीटी पर रिलीज करना सही फैसला रहा। आगे साइंस फिक्शन जॉनर की फिल्म भी लाऊंगी। पहले कार्गो नाम की फिल्म बनाई थी। ऐसी फिल्मों के लिए बड़े बजट की जरूरत होती है। सान्या को दो साइंस फिक्शन कहानियां सुनाई हैं। मुमकिन है कि जल्द ही सान्या की कोई साइंस फिक्शन फिल्म आए।

### नॉर्थ इंडियन दर्शकों के लिए फिल्म में किए गए थे बदलाव

मूल फिल्म मलयाली दर्शकों के लिए बनी थी। हिंदी वर्जन में इसे नॉर्थ इंडियन दर्शकों के हिसाब से बदला गया। साउथ वर्जन में सबरीमाला विवाद को दिखाया गया था, जहां महिलाओं को घर में बंद कर दिया गया था। हिंदी वर्जन में इसे करवा चौथ से जोड़ा गया। मूल फिल्म में घर में मेड नहीं थी लेकिन हिंदी वर्जन में मेड का किरदार जोड़ा गया।



### फिल्में बदलाव ला सकती हैं...

आरती का मानना है कि फिल्मों से बदलाव की शुरुआत होती है। जब किसी मुद्दे पर बातचीत होती है, तो पॉलिसी लेवल पर भी बदलाव का माहौल बनता है। हालांकि यह प्रयास पर्याप्त नहीं होते लेकिन जरूरी होते हैं।

### फ्रेंचाइज बनाने की प्लानिंग नहीं है...

आरती ने कहा कि मिसेज में कामकाजी महिलाओं से जुड़े कई जरूरी मुद्दे हैं। इसे फ्रेंचाइज बनाना प्राथमिकता नहीं है। सान्या इस फिल्म के मुद्दे से इतनी जुड़ गई थीं कि शूटिंग के बाद भी उन्हें इससे बाहर आने में महीना भर लगा था।



## कौशलजीस वर्सेस कौशल के लिए अजय देवगन ने शुभकामनाएं दी

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर आगामी फिल्म कौशलजीस वर्सेस कौशल के लिए शुभकामनाएं दी। फिल्म के ट्रेलर को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर करते हुए, सिंघम अभिनेता ने लिखा, पीढ़ियां आपस में टकरा सकती हैं, लेकिन प्यार हमेशा एक रास्ता खोज लेता है। कौशलजीस वर्सेस कौशल में परिवार, प्यार और हंसी के मजेदार दिल को छू लेने वाले सफर के लिए तैयार हो जाइए। इस शुक्रवार 21 फरवरी को केवल जिओ हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग होगी। सोमवार को आगामी पारिवारिक ड्रामा कौशलजीस वर्सेस कौशल के निर्माताओं ने इसका ट्रेलर जारी किया। फिल्म के ट्रेलर में दिल को छू लेने वाली कहानी की झलक मिलती है।

फिल्म को सीमा देसाई और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्देशित किया गया है। फिल्म की कहानी 27 साल के युग कौशल की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कन्नौज में अपने छोटे शहर की जड़ों को पीछे छोड़कर दिल्ली चला जाता है। निर्देशक सीमा देसाई ने एक बयान में कहा, कौशलजीस वर्सेस कौशल की कहानी जो जटिल होते हुए भी खूबसूरत है। यह परिवार के बारे में है। हम अक्सर युवा जोड़ों की प्रेम कहानियां देखते हैं, लेकिन उन लोगों का क्या जो दशकों से साथ हैं? यह फिल्म शादी पर एक हल्की-फुल्की लेकिन मार्मिक नजर डालती है और पूछती है, क्या होगा अगर वर्षों के संघर्ष के बाद भी प्यार खत्म न हो। मुझे भरोसा है कि दर्शक प्यारे किरदारों से जुड़ेंगे, हंसेंगे, रोएंगे और अपने परिवार की झलक स्क्रीन पर देखेंगे। यह दिल से दिलों के लिए बनाई गई एक अच्छी फिल्म है। कौशलजीस वर्सेस कौशल में शीबा चड्ढा, पावेल गुलाटी, ईशा तलवार, बृजेंद्र काला और ग्रुशा कपूर भी हैं। यह फिल्म 21 फरवरी को जिओ हॉटस्टार पर रिलीज होगी।



## शिवाजी महाराज की जीवन यात्रा को पर्दे पर दिखाना मेरे लिए बेहद खास है

आज छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती है। इस मौके पर ऋषभ शेट्टी की अपकमिंग फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इस नए पोस्टर में वीर शिवाजी बने ऋषभ शेट्टी देवी मां की विशाल मूर्ति के सामने खड़े नजर आ रहे हैं।

### ऋषभ शेट्टी ही बनेंगे शिवाजी महाराज

बॉलीवुड से लेकर मराठी सिनेमा तक कई सारे सितारे शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आ चुके हैं। अब छत्रपति शिवाजी महाराज पर बन रही आगामी फिल्म द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज में ऋषभ शेट्टी शिवाजी महाराज का किरदार निभाते नजर आने वाले हैं।

### ऋषभ शेट्टी ने कही ऐसी बात

पोस्टर रिलीज के मौके पर ऋषभ शेट्टी ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर हम सभी गर्व महसूस करते हैं। वे केवल एक योद्धा नहीं थे बल्कि स्वराज्य की आत्मा थे। उन्हें हमेशा धैर्य, बुद्धि और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। उनकी जीवन यात्रा को पर्दे पर दिखाना वाकई मेरे लिए बेहद खास है। मैं आशा करता हूं कि उनकी विरासत को मैं अच्छे तरीके से पर्दे पर दिखा सकूं। सभी भारतीयों को उनकी अमर वीरता का एहसास दिला सकूं।

### फिल्म में नजर आएंगे ये सितारे

स्वराज्य का सपना देखने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर इस फिल्म की टीम के बारे में भी मेकर्स ने बताया है। फिल्म की कहानी सिद्धार्थ - गरिमा ने लिखी है। फिल्म को संगीत प्रीतम ने दिया है। गानों ने बोल प्रसून जोशी ने लिखे हैं। वहीं, सिनेमेटोग्राफी रवि वर्मन ने की है। गणेश हेगड़े ने कोरियोग्राफी की है। फिल्म के कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा हैं।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

यह फिल्म 21 जनवरी 2027 में हिंदी समेत छह अन्य भाषाओं में रिलीज होगी। यह फिल्म भारत और विदेशों में भी शिवाजी के स्वराज्य का सपना दिखाने वाली है।



## शबाना आजमी ने बताई डब्बा कार्टेल का हिस्सा बनने की वजह

एक्सेल एंटरटेनमेंट की नई सीरीज 'डब्बा कार्टेल' के ट्रेलर लांच इवेंट पर शबाना आजमी की अदाओं ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। महबूब स्टूडियो में इस कार्यक्रम का आयोजन शानदार तरीके से हुआ। लोगों में काफी उत्साह रहा लेकिन, आदतन प्रोग्राम अपने समय से ही शुरू हुआ। जनता बेसब्री से ट्रेलर का इंतजार करी दिखी। महबूब स्टूडियो में जब बारी इस ट्रेलर लॉन्च की आई तो मामला बहुत ही रोचक हो गया है। आहिस्ता आहिस्ता किरदारों पर से परदा हटा और जब बारी शबाना आजमी की आई तो फिर तो माहौल बदलना ही थी। इवेंट में मीडिया के साथ सवाल जवाब के समय शबाना आज़मी ये कहा कि इस सीरीज की पूरी कास्टिंग घर का मामला था। शिबानी अख्तर ने क्रिएट किया ये प्रोजेक्ट और मुझे हुक्म दिया, एक्टिंग करने के लिए। बहू को कैसे मना कर सकती थी और बेटा तो प्रोड्यूसर ही है। साथ ही उन्होंने एक कन्फेशन ये भी किया की जब इस सीरीज की कास्टिंग चल रही थी तो वह नहीं चाहती थीं कि अभिनेत्री ज्योतिका को इसमें कास्ट किया जाए। इवेंट के दौरान ही शबाना आजमी ने इसके लिए ज्योतिका से माफी भी मांगी और कहा कि अच्छा हुआ शिबानी ने उनकी नहीं सुनी और दोनों ने साथ काम किया। सीरीज के निर्देशक हितेश भाटिया ने इस मौके पर बताया कि शुरू में तो वह काफी परेशान थे लेकिन जब सारे लोग साथ आ गए तो उनकी घबराहट भरोसे में बदल गई। ज्योतिका के मुताबिक उन्हें ये प्रोजेक्ट इसलिए काफी पसंद आया क्योंकि इसमें महिलाओं की अहम भूमिका है। वह कहती हैं, फ्रइस सीरीज में सिर्फ किरदार ही नहीं, बल्कि पूरी टीम में भी महिलाओं की बहुत भागीदारी रही। हमारे क्रू में लगभग 60-70न्न महिलाएं थीं, जो हर विभाग में शानदार काम कर रही थीं। यह देखकर बहुत गर्व महसूस हुआ। अभिनेता आदर्श रावल के साथ फिल्म 'बमफाड़' से हिंदी सिनेमा में अपना करियर शुरू करने वाली साउथ सिनेमा की अभिनेत्री शालिनी पांडे ने भी ज्योतिका की बात का समर्थन किया और कहा कि यह शो महिलाओं के दम पर आगे बढ़ा है। उन्होंने उलाहना दिया कि शानदार अभिनेता गजराज राव के साथ उनका एक भी सीन नहीं है। वहीं, गजराज राव ने कहा, आमतौर पर मैं सिर्फ अपने डायलॉग्स याद करता हूं, लेकिन इस बार सबसे ज्यादा मेहनत फार्मास्युटिकल्स के नाम याद करने में करनी पड़ी। और, अब तो मुझे इतने नाम याद हो गए हैं कि मेडिकल इंडस्ट्री में भी एंट्री ले सकता हूं! नेटफ्लिक्स की नई सीरीज 'डब्बा कार्टेल' 28 फरवरी को रिलीज होगी।

## सनम तेरी कसम की री-रिलीज की सफलता पर भावुक हुए हर्षवर्धन राणे



हर्षवर्धन राणे अपनी रोमांटिक ड्रामा फिल्म सनम तेरी कसम की सफलता का जश्न मना रहे हैं। यह फिल्म सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। आज भी अभिनेता ने एक इमोशनल नोट शेयर किया और सभी प्रशंसकों को उनके प्यार के लिए धन्यवाद दिया। अभिनेता ने पोस्टर साझा कर लिखा- एक प्रेम कहानी जो लंबे समय तक नहीं चलनी थी। हर्षवर्धन ने आगे लिखा- फिर भी हम यहां हैं, 10 दिन बाद, अभी भी हर पल ऐसा महसूस कर रहे हैं जैसे यह पहली बार हो। अभिनेता ने आगे लिखा- किसी ऐसे व्यक्ति को टैग करें जो इसे दोबारा देखने की योजना बना रहा है। सनम तेरी कसम अब तब बॉक्स ऑफिस पर 36.01 करोड़ रुपये की कमाई की।

# धूमधाम से निकली श्याम निशान यात्रा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** श्री श्याम सखा मंडल सुजानगढ़ द्वारा श्याम महोत्सव 2025 के अंतर्गत कैलाशपुरी मंदिर नया बास से मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, मंत्री महेश सोनी, कोशाध्यक्ष अनिल धनकर, सेटलर रामावतार मंत्री ने ध्वज दिखाकर रवाना किया। निशान यात्रा नया बास से श्याम दरबार लाडनूं बस स्टैंड, गांधी चौक, घंटाघर, स्टेशन रोड, नया बजार, अगुणा बाज़ार, गांधी बालिका के सामने से होते हुए नया बास क्लब पहुंची। जिसमें पवन मौसूण, गिरधारी लाल जांगिड़, दीपक मौसूण सपत्नीक निशान यात्रा में शामिल हुए। जगह - जगह पुष्प वर्षा, इतर वर्षा, जूस, सर्बत, कुल्फी से स्वागत किया गया। निशान यात्रा में बैंड, डीजे पर श्याम भक्त नाच नाचकर बाबा को रिझा रहे थे। रथ पर बाबा की मनमोहक झांकी सजी धजी थी। श्याम की फौज व मंडल के सदस्य व्यवस्था में सहयोगी रहे।

# चूड़ीधाम में उमड़ा आस्था और श्रद्धा का सैलाब

## श्याम जयकारों से गूंज रहा कस्बा, मेला परवान पर

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** चूड़ी धाम में लखदातारी हारे का सहारा बाबा श्याम के लक्खी मेले का 10 वां दिन है। श्याम धणी के दरबार में उनके लाखों अनन्य भक्त शीश नवाकर अरदास कर रहे है। मेला अब पूरे परवान पर है। दूर दराज से भक्त श्याम मंदिर की ओर हाथों में निशान लेकर नाचते गाते पहुंच रहे है। बाबा श्याम का मेले में रोज की तरह विदेशी फूलों से अलौकिक श्रृंगार किया गया। श्याम बाबा की जय, खाटू नरेश, हारे का सहारा, त्रिलोकी की जय जैसे अनेक जयकारों से श्याम बाबा का दरबार गूंज रहा है। बता दें कि बाबा श्याम के लक्खी फाल्गुनी मेले में आस्था का ज्वर उमड़ा। नाचते गाते और गुलाल उड़ाते भक्त चूड़ी धाम पहुंच रहे है। शीश के दानी की भक्त एक झलक पाकर निहाल हो रहे है। प्रायोजक पूनम जोशी ने बताया कि मन्दिर के मंहत गणेश जोशी व सुशील शर्मा के सानिध्य में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जा रहा है और विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया जा रहा है।



# मायरा प्रसंग पर डाला प्रकाश



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** श्री हांडिया बाबा आश्रम में चल रही नानी बाई के मायरे की कथा में सोमवार को मायरा प्रसंग पर कथा वाचक ने प्रकाश डाला। व्यासपीठ पर विराजमान कृष्णानंद महाराज ने कहा कि भक्त नरसी जब नानी बाई का मायरा भरने जा रहे थे, उस समय बीच रास्ते में उनकी गाड़ी टूट जाती है और भगवान को पुकारते हैं, तभी भगवान खाती का रूप बनाकर भक्त की गाड़ी ठीक करने स्वयं आते हैं। जो भी व्यक्ति जीवन की प्रतिकूल परिस्थिति में पूर्ण विश्वास के साथ भगवान को पुकारता है, तो निश्चित ही भगवान उनकी जीवन की गाड़ी को दुखों से पार लगाते हैं। कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान गोपीकृष्ण चौमाल ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर संत चिंमा बाबा, इंद्रनाथ, सुखनाथ, प्रभाकर शर्मा, सीताराम कम्मा, डूंगरमल स्वामी, मदन भार्गव, नरेश भार्गव, श्यामलाल सैन, महेश कम्मा, गोविंद बणसिया, दीपचंद भुखरेड़िया, पुनीत आत्रेय, पार्षद अनिल महर्षि, मीनू शर्मा, मनीषा अग्रवाल, वंदना पारीक सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स प्रतियोगिता कल से

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 11 मार्च 2025 से पैरालिंपिक कमेटी ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में प्रारम्भ होने जा रही पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स प्रतियोगिता में 20 देशों के कुल 280 खिलाड़ी भाग लेंगे। पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया ने बताया कि प्रतियोगिता में 195 पुरुष खिलाड़ी व 85 महिला खिलाड़ी भाग लेने जा रहे हैं। तीन दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न कैटेगरी में 98 इवेंट आयोजित होंगे। भारत सरकार के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता में 7 से 10 मार्च तक खिलाड़ियों का क्लासिफिकेशन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों की कैटेगरी निर्धारित की गई। झाझड़िया ने बताया कि भारत में होने वाली इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हमारे ज़्यादा से ज़्यादा खिलाड़ी कैटेगरी निर्धारित करवा पाएँगे। इस प्रतियोगिता से सितम्बर में देश में पहली बार आयोजित होने वाली वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए हमारे खिलाड़ियों को आत्मबल मिलेगा। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन को आगे बढ़ाते हुए हम चाहेंगे कि देश में ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन से देश में स्पोर्ट्स कल्चर विकसित कर पाएंगे।

# झुंझुनूं, भीलवाड़ा में टीबी एडल्ट वैक्सीनेशन अभियान का पायलट प्रोजेक्ट



## 18 मार्च से होगी शुरुआत; कलेक्टर ने किया पोस्टर का विमोचन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं में 18 मार्च से शुरू होने जा रहे एडल्ट टीबी वैक्सीनेशन अभियान के पोस्टर का विमोचन सोमवार को जिला कलेक्टर रामवतार मीणा ने कलेक्ट्रेट सभागार में किया। इस अभियान को भारत सरकार के निर्देश पर राजस्थान के दो जिलों झुंझुनूं और भीलवाड़ा में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चलाया जाएगा। इस मौके पर जिला कलेक्टर ने आमजन से अपील की कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें और जरूरतमंदों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। अभियान के प्रभावी संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। सीएमएचओ ने कहा कि अभियान से वयस्कों में टीबी संक्रमण पर लगेगी रोक मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य वयस्कों में टीबी संक्रमण को कम करना और जोखिम समूहों को सुरक्षा प्रदान करना है। 18 वर्ष से अधिक आयु के चयनित लोगों को यह टीका लगाया जाएगा। इसमें विशेष रूप से पूर्व टीबी मरीज, वर्तमान टीबी मरीजों के संपर्क में रहने वाले लोग, 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक, कुपोषित वयस्क, धूम्रपान करने वाले और मधुमेह से पीड़ित मरीज शामिल हैं। जागरूकता पोस्टर का विमोचन जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) मोहन चाहर की ओर से तैयार किए गए जागरूकता पोस्टर का विमोचन करते हुए जिला कलेक्टर रामवतार मीणा ने अभियान के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि यह अभियान टीबी उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग मिलकर इसे प्रभावी ढंग से लागू करेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस टीकाकरण का लाभ मिल सके। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एसीईओ) रामनिवास, पीएमओ डॉ. राजबीर सिंह राव, टीबी कंट्रोल ऑफिसर डॉ. विजय सिंह, डीपीसी डॉ. महेश कड़वासरा, डीपीसी टीबी कंट्रोल मोहन चाहर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अभियान की कार्ययोजना पर चर्चा की और सुनिश्चित किया कि इसे प्रभावी रूप से लागू किया जाए।

# फाइनेंस कंपनियों की मनमानी के खिलाफ किसान सभा का विरोध प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** उपखंड क्षेत्र में फाइनेंस कंपनियों की ओर से की जा रही ज्यादा ब्याज वसूली के विरोध में अखिल भारतीय किसान सभा ने एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया। कामरेड रामकृष्ण छींपा के नेतृत्व में किसान सभा ने एसडीएम डॉ दिव्या चौधरी को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा हैं। किसान सभा ने आरोप लगाया कि शहर की कई फाइनेंस कंपनियां मनमाने तरीके से बैंक चला रही हैं। ये कंपनियां शुरुआत में 90 पैसे या 1 रुपए ब्याज की बात करती हैं। बाद में पेनल्टी लगाकर 24 से 30 प्रतिशत तक ब्याज वसूल रही हैं। इससे किसान, मजदूर और गरीब लोगों की संपत्ति कुर्क की जा रही है। किसान सभा के नेता रामकिशन छींपा ने चेतावनी दी कि अगर किसी गरीब या मजदूर की जमीन, मकान या प्लॉट को फाइनेंस कंपनियों ने कुर्क किया तो संगठन पीड़ितों को न्याय दिलाएगा। इसके लिए जिले भर में किसान सभा के सदस्य सड़कों पर उतरेंगे। प्रदर्शन में किसान सभा के मंत्री काशीराम सहारण, निरानाराम पवार, युसूफ, सांवरमल डूडी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# होली शोभायात्रा 13 मार्च को, तैयारियों में जुटे कार्यकर्ता

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में आगामी होली के शुभ अवसर पर सरदारशहर नागरिक परिषद दिल्ली के सान्निध्य में सरदारशहर एकता मंच एवं श्री लोकरंजन परिषद के संयुक्त तत्वाधान एवं सेठ मूलचंद, विकास कुमार, विनीत कुमार मालू के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम होली मायड़ भूमि री के अंतर्गत आगामी 13 मार्च को भव्य होली शोभायात्रा सुबह 11 बजे श्री लोकरंजन परिषद से गांधी चौक तक निकाली जाएगी। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक सम्पत राम जांगिड़ ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मायड़ भूमि री कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस भव्य होली शोभायात्रा में शेखावाटी की सुप्रसिद्ध चंग मंडलियों के चंगों की थाप पर नाचते झूमते रंग रसिये, महरियां, भव्य बैंड वादन, अनेक मनोरम झाकियां, सैकड़ों हास्य से परिपूर्ण मनोरंजक स्वांग, शानदार ढोल वादन, शहर के अनेक मंझे हुए कलाकारों की ओर से स्वांग के रूप में प्रस्तुतियां, सजे धजे ऊंट, घोड़ी, भव्य पुष्प वर्षा मुख्य आकर्षण होंगे। साथ ही इसी कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय नंदीश्वर समिति की ओर से 11 से 13 मार्च तक चौधरियों के कुंआ पर सांय 8 बजे से गीन्दड़ का कार्यक्रम भी रखा गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एकता मंच अध्यक्ष जितेंद्र राजवी, लोकरंजन परिषद से शोभाकांत स्वामी, शंकरलाल प्रेमाणी, कर्मभूमि सेवा संस्थान अध्यक्ष माणक चंद भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की टीम तैयारियों में जुटी हे

# सूने मकान में लाखों रुपए की चोरी



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के वार्ड संख्या 42 में स्थित एक बंद मकान में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना का पता रविवार की रात उस समय चला, जब मकान मालिक अपने घर पर आया। इस संबंध में पीड़ित 60 वर्षीय संपत वाल्मीकि ने पुलिस में रिपोर्ट भी दी है। पार्षद पुरूषोत्तम इंदौरिया ने बताया कि संपत पुत्र मोहनलाल वाल्मीकि 12 फरवरी को मकान बंद करके आसाम गया था। 9 मार्च की रात जब वह अपने घर लौटा, तो मुख्य द्वार का ताला खोलकर जैसे ही घर के अंदर प्रवेश किया, तो देखा कि अंदर कमरे का ताला टूटा हुआ था और कमरे में रखी चार संदूक व एक अटैची के भी ताले तोड़कर उसमें रखे लगभग सात लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात व 15 हजार रुपए नकदी की चोरी कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। इस संबंध में संपत ने सोमवार दोपहर पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चार पुलिसकर्मी दोषी करार, सुनाई सजा

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** विगत 3 जून 2014 को सालासर के पास स्थित गांव खरिया कनिराम गांव से फरार हुए हार्डकोर आरोपी बहादुरसिंह के न्यायालय में चल रहे प्रकरण में एडीजे न्यायालय ने आरोपी के साथ पेशी पर आए 4 तत्कालीन पुलिसकर्मियों को दोषसिद्ध करार देते हुए 3 - 3 साल का कारावास और 10 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले की जानकारी देते हुए अपर लोक अभियोजक श्याम सुंदर खंडेलवाल ने बताया कि जून 2014 में मुलजिम बहादुर सिंह की पेशी के दौरान पुलिस गार्ड गुमानाराम, राजेंद्र, बाबूलाल व प्रेमसुख उसके साथ में रवाना हुए व पेशी सीकर में भुगताने के बाद गार्ड ने बिना बताए नशे में स्वयं परिवर्तन कर मुलजिम बहादुरसिंह के प्रभाव में जाकर उसके गांव खारिया कनीराम प्राइवेट वाहन से आ गए। जहां से पुलिस गार्ड की लापरवाही के कारण अपराधी बहादुरसिंह उनके कब्जे से फरार हो गया। जिसका सालासर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। वही मामले का खुलासा होने पर तीन पुलिसकर्मी नशे में पाए गए और एसएलआर बंदूक भी अपने साथ लेकर आरोपी फरार हो गया, जिसका सालासर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। इस प्रकरण में फरार हुए आरोपी बहादुर सिंह और उसके सहयोगियों के पर न्यायालय में अलग से प्रकरण चल रहा है। जबकि चारों पुलिसकर्मियों के खिलाफ अलग से प्रकरण चल रहा था। जिसमें न्यायालय ने चारों को दोषी मानते हुए उन्हें 3 - 3 वर्ष के कारावास और 10 हजार के अर्थ दंड से दंडित किया है। मामले में सरकार की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक श्याम सुंदर खंडेलवाल ने की।

# पुत्री ने निभाया पुत्र का फ़र्ज़

**फालना बाली(नि.सं.)** पुत्री ने निभाया पुत्र धर्म आज शीतला माता गली में ललिता कुमावत पत्नी रमेश कुमावत के देहांत होने पर पुत्र नहीं होने की वजह से उनकी दोनों पुत्री गुंजन कुमावत एवं रिद्धि कुमावत ने कंधा देकर एवं श्मशान घाट में मुखाग्नि देकर पुत्र धर्म को निभाया इस अवसर पर पार्षद भावेश गुर्जर एवं भाजपा नेता भोपाल सिंह गुर्जर ने भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए यह कहा कि आज के जमाने में पुत्र पुत्री में कोई भेदभाव नहीं है आज के जमाने की पुत्री भी पुत्र समान ही है इससे पूर्व गुंजन कुमावत एवं रिद्धि कुमावत के पिताजी रमेश कुमावत के देहांत होने पर भी इन्हीं दोनों पुत्री ने इसी तरह से अपना फर्ज निभाया था दादा हीरालाल कुमावत का कहना है कि मेरी पोती गुंजन,रिद्धि मेरे पुत्र के समान ही है शवयात्रा में कुमावत समाज के साथ-साथ ही फालना शहर के गणमान्य नागरिक भी शरीक होकर सभी ने दोनों पुत्रीयो की प्रशंसा करी

# अग्रसेन नगर में होली धमाल आज से

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** अग्रसेन नगर में अग्रसेन स्पोर्टस क्लब व प्रभात फेरी टीम के संयुक्त तत्वावधान में होली धमाल का आयोजन किया जाएगा। अग्रसेन समिति के मदन राजपुरोहित व स्पोर्टस क्लब के अध्यक्ष सीताराम खरोड़ ने बताया कि 11 मार्च से 13 मार्च तक तीन दिवसीय होली धमाल का कार्यक्रम सामुदायिक भवन प्रताप पार्क के पास रात्री 8 बजे से ।। बजे किया जाएगा। 11 मार्च को जनार्दन आचार्य की ओर से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जाएगा। कार्यक्रम में विकास सोनी, विपिन कस्वा व अभिषेक पाठक ने बताया कि कलाकारों की ओर से होली धमाल का आयोजन किया जाएगा। समापन पर विशेष कलाकार प्रस्तुती देंगे।

# मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने मारपीट के प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार मस्तगिस प्रेमचंद पुत्र शंकरलाल के साथ हुई मारपीट में आरोपी रूपचंद पुत्र बालाराम निवासी आईटीआई कॉलेज के सामने, सुजानगढ़ और बाबूलाल पुत्र भगवानराम, निवासी शीतला माता मंदिर, वार्ड नंबर 59 गांधी बस्ती सुजानगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने दोनों को जेल भेजे जाने के आदेश दिए।

# ममता के नेत्र से दो नेत्रहीन को मिलेगी रोशनी

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर की ममता दफ्तरी पत्नी प्रसन्न दफ्तरी का निधन 45 वर्ष की अल्पायु में होने पर भी ग़म भूलाते हुए उनके पति प्रसन्न दफ्तरी ने दृष्टिहीनों को रोशनी देने के निर्णय लेकर एक अनुठा पुण्य का काम किया। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी का नेत्रदान कराया। नेत्रदान के लिए विनीत पींचा ने प्रेरक की भूमिका निभाई। प्रसन्न दफ्तरी के भाई बजरंग दफ्तरी व दिनेश दफ्तरी ने भी इस पुण्य कार्य के लिए सहमति प्रदान की। नेत्र संग्रह केन्द्र के भंवरलाल प्रजापत ने नेत्र संग्रह किया। उक्त जानकारी देते हुए आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान चूरू मुख्यालय नेत्र संग्रह केन्द्र के समन्वयक गणेशदास स्वामी ने बताया कि नेत्र संग्रह केन्द्र शुरू होने के बाद यह चौथा नेत्रदान हुआ है। उन्होंने आमजन से नेत्रदान करने का आव्हान किया। ममता के नेत्रदान करने पर गांधी विद्या मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़, आयुर्वेद विश्व भारती महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रविन्द्र कुमार व तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष लोकेश सेठिया ने नेत्रदानी परिवार का आभार व्यक्त किया है। नेत्रदान के प्रेरक के रूप में तेरापंथ युवक परिषद सरदारशहर के सदस्यों की ओर से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।



# स्कूली बच्चों के साथ मनाया होली का पर्व



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** धूम धड़ाका चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से निकटवर्ती गाँव बोबासर की राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के साथ होली का त्यौहार मनाया गया। ट्रस्ट की सदस्य दीपिका ने बताया कि ट्रस्ट का प्रयास रहता है कि हर त्यौहार पर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाई जाए, इसी क्रम में इस बार राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के साथ गुलाल और पिचकारी से होली मनाई गयी। ट्रस्ट के हेमंत शर्मा ने बताया कि बच्चों को तरह तरह के गेम्स खिलाये गये और बच्चों ने होली के गानों पर जमकर डांस किया। साथ ही हेमंत शर्मा ने इस कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी भामाशाहों को धन्यवाद दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू खीचड ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखना सुखद था और ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में उत्साह और उमंग का संचार होता है। ट्रस्ट के सदस्य आशीष माटोलिया ने बताया कि बच्चों के संग होली के रंग कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों को गुलाल, पिचकारी, मिठाई, टिफिन बॉक्स और वाटर बोतल दी गयी। कार्यक्रम में रानी जैन, सीमा बोरड़, जितेंद्र सिंह भदौरिया, मनीष बोरड़, भागीरथ माटोलिया, रोहित नव्हाल, कुलदीप पोद्दार, नितिन बोरड़, मोनिका, वैशाली, अर्पिता शर्मा, काव्या शर्मा, ख्वाईश, विनय और हर्षित भोजक मौजूद रहे।

# फागोत्सव में श्याम कीर्तन, झूमे श्याम भक्त

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** फाल्गुन माह के अंतर्गत चल रहे फागोत्सव कार्यक्रम के दौरान रविवार देर रात्री को वार्ड 57 में भव्य श्याम कीर्तन का आयोजन किया गया। सीताराम चौधरी के सानिध्य में हुए श्याम कीर्तन का शुभारंभ सुरेश चौधरी ने बाबा श्याम की ज्योत प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बाबा श्याम की धमाल और चंग की थाप पर श्रद्धालुओं ने कीर्तन का भव्य आनंद उठाया। इस दौरान कोलकाता से आए श्याम भक्तों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के महिला-पुरुष उपस्थित रहे। पवन कुमार चौधरी ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।



# स्वच्छता के नाम पर धोखा, लाखों रुपये खर्च, सफाई व्यवस्था बदहाल, वार्डवासी परेशान

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)।** शहर के कई वार्डो में इन दिनों गंदगी का आलम पसरा हुआ है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लाखों करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी नगरपालिका क्षेत्र के वार्डो में स्वच्छता के नाम पर कलंक और एक अभिशाप है। इतना सब कुछ करने के बाद आज भी वार्डो की स्थिति दंडनीय है। वार्डों में फैली गंदगी को लेकर वार्डवासी परेशान हैं और उनकी फरियाद,पीड़ा सुनने वाला कोई नहीं है। स्वच्छता के नाम धोखा नहीं पालिका प्रशासन की लापरवाही है। गौरतलब है कि राजस्थान सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके मध्य सुमेरपुर नगर में भी स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान चलाकर जनता की राय ली जा रही है की आपका सुमेरपुर नगर स्वच्छ एवं सुंदर है या नहीं। लेकिन सफाई अभियान शहर में धरातल पर नहीं उतरा है, महज खानापूर्ति एवं कागजों में सीमित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के राजगुरू सर्कल से लेकर कृषि उपज मंडी,गांधी मूर्ति सर्कल से लेकर भेरू चौक तक प्रतिदिन सफाई होती है। वही ओटो रिक्शा से घर घर कचरा संग्रहण किया जा रहा है। क्योंकि यह वह सर्कल है जहां सभी की नजर इस पर होती हैं,इसलिए नियमित सफाई होती हैं। लेकिन भीतरी भागों में सफाई व्यवस्था का अभाव है इसके चलते गंदगी में रहने को वार्ड वासी मजबूर हैं।



### इसका जिम्मेदार कौन

शहर के संजय नगर वार्ड नंबर 9 में मदरसा के पास कई वर्षों से नला टूटा हुआ है। इसकी वार्ड वासियों ने कई बार पालिका प्रशासन एव वार्ड पार्षद को अवगत कराया,लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई,आज भी समस्या जस की तस बनी हुई है। सफाई के नाम पर करोड़ों रूपये खर्च करने के बाद भी नगर के अंदरूनी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पुरी तरह बिगड़ी हुई है प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस वार्ड में 36 कौम के साथ मुस्लिम वर्ग की लोग निवासरत हैं। वार्डवासियों का कहना है कि हमारा रमजान का पवित्र माह चल रहा है। संजय नगर मदरसे के पास भयंकर गंदगी की वजह से आस पास निवास करने वाले लोगो को नाले की बदबू का सामना करना पड़ता है। संबंधित पार्षद को अवगत कराने पर जवाब मिलता है कि भाजपा की सरकार है और भाजपा के मंत्री हैं इसलिए हमारी सुनवाई नहीं होती है। संजय नगर निवासी मोमिनों का जिला एवं उपखंड प्रशासन तथा प्रशासक से आग्रह किया है कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हम भी भारत के नागरिक हैं । हमारी मूलभूत सुविधाओं का संवैधानिक अधिकार है,इसलिए प्रशासन इस गंभीर समस्या से निजात दिलाने मांग की। और संजय नगर मदरसे के आस पास टूटे हुए नाले को अतिशीघ्र ढकवाने,सफाई व्यवस्था प्रतिदिन कराने की मांग करता है। वही जनता के साथ धोखा न करके सब के साथ न्याय करे।

### *यहां नियमित सफाई नहीं होती*

*शहर में सफाई की बात करें तो, स्वच्छ भारत मिशन अभियान की धज्जियां उड़ाई जा रही है,सफाई अभियान धम तोड़ रहा है। और बदबूदार गंदगी का दंश झेलने को शहर वासी मजबूर हैं। पालिका द्वारा इन स्थानों पर नियमित सफाई नहीं होने से सफाई कर्मचारियों पर सवाल उठ रहे हैं। नगर के संजय नगर,जाखा नगर, कोलीवाडा रोड,जीवाजी कॉलोनी, पाना वाला के पास बसी कॉलोनिया शिव कॉलोनी,जूना जाखोड़ा रोड सहित आस पास की कॉलोनियों में प्रतिदिन सफाई नहीं हो रही है व ना ही घर घर कचरा संग्रहण की गाड़ी कचरा लेने आती है। स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका अधिकारी,स्वास्थ्य निरीक्षक और पूर्ववर्ती बोर्ड तथा क़ाबिना मंत्री ने जनता के साथ धोखा किया है। संजय नगर में सड़क के बीच नाला टूटने से पालिका के सफाई कर्मचारी व कचरा संग्रहण वाहन नियमित नहीं आते हैं,जिसके कारण वार्ड नंबर 09 गंदगी के भेट चढ़ गया है। ऐसी समस्या बहुत जगह पर है।*

## भारतीय पत्रकार संघ की कार्यकारिणी का गठन

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)** भारतीय पत्रकार संघ एआईजे की बिजौलियां तहसील कार्यकारिणी का तहसील अध्यक्ष कपिल विजयवर्गीय ने गठन करते हुए प्रदेश अध्यक्ष विवेक पाराशर, प्रदेश महासचिव डॉ. चेतन ठठेरा व जिला अध्यक्ष दिनेश पारीक की अनुशंसा पर संरक्षक गिरधर पाराशर , वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद दिनेश सनाढ्य ,महासचिव निर्मल कुमार खटीक , सचिव सुरेश राठौड़, , सह सचिव नरेश धाकड़, कोषाध्यक्ष डॉ. संस्कार सोनी , प्रवक्ता अर्जुन धाकड़, यूथ विंग अध्यक्ष दीपक राठौड़, वूमेन विंग अध्यक्ष महिमा,कार्यकारी सदस्य विकास जैन को नियुक्त किया गया।

## इन्टरनेशनल वैश्य फेडरेशन की मिटींग दिल्ली के कन्सटीट्यूशन क्लब में हुई आयोजित

### राजस्थान कुचामन सिटी के श्याम सुन्दर मंत्री ने किया मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सम्मान

जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)।** दिल्ली के कन्सटीट्यूशन क्लब में इन्टरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में एवं डा. अशोक अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें 14 प्रान्तो के एवं दुबई के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । कार्यक्रम में अनैक राजनीतिक एवं प्रशासनिक विभूतियों को सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वैश्य समुदाय द्वारा सेवा के विभिन्न प्रकल्पों में एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान की सराहना की और साथ ही वैश्य समाज के प्रवासी भारतीयों के योगदान को भी सराहा । मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का सभी प्रान्तो के पदाधिकारियों ने स्वागत अभिनन्दन किया । राजस्थान से इन्टरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर मंत्री ने शाल, दुप्पटा एवं तिरंगा द्वारा मुख्यमंत्री का अभिनन्दन किया और ब्रह्मलीन स्वामी रामसुखदास महाराज की प्रेरणा से निर्मित संस्था गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति की जानकारी का फ़ोल्डर भी भेंट किया । भारतीय प्रवासी दुबई निवासी राजेश सोमाणी के साथ सामाजिक प्रकल्पों और व्यवसाय से सम्बंधित विस्तृत चर्चा भी हुई ।

## सुमेरपुर में राजनीतिक दलों की बैठक 18 को

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)।** प्रशासन के साथ राजनीतिक दलों की बैठक 18 मार्च को सुमेरपुर उपखंड कार्यालय में होगी। निर्वाचन विभाग जयपुर के आदेशाअनुसार एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पाली के निर्देश में उपखण्ड अधिकारी कालूराम कुम्हार के सानिध्य में राजनैतिक दलों के साथ में बैठक का आयोजन किया जाएगा। निर्वाचन विभाग के प्राप्त निर्देशन की पालना में निर्वाचन प्रक्रिया के सभी चरणों में पारदर्शिता एवं राजनीतिक दलों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सुमेरपुर 121 की बैठक होगी । जिसमें समस्त मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल एजेंट, बीएलए की नियुक्ति की जानी है तथा जेंडर रेटियों,द्वश्च रेटियों में सुधार किया जाने के लिए बैठक आयोजित होगी । इस संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन प्रक्रिया बीएएलए नियुक्ति व मतदाता सूची में जेंडर रेटीयो, इलेक्ट्रॉल पॉपुलेशन रेटीओ में सुधार हेतु जानकारी प्रदान करने के लिए 18 मार्च 2025 को प्राप्त 11.00 बजे उपखंड कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित होगी। इस बैठक में विधानसभा स्तरीय, ब्लॉक,मंडल अध्यक्ष,राष्ट्रीय, राजस्थान राज्य के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल, समस्त पदाधिकारी, सदस्य भाग लेंगे।

## धूमधाम से मनाया फागोत्सव, गुलाल-फूलों से खेली होली



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** विजयवर्गीय महिला मंडल द्वारा विजयवर्गीय मांगलिक भवन में फागोत्सव मनाया गया। स्थानीय महिला मंडल अध्यक्ष वीरा मेड़तिया ने बताया कि फागोत्सव में श्रीराधाकृष्ण की झाँकी सजाई गई और ढोलक की थाप पर भजन व नृत्य की प्रस्तुतियाँ दीं गई ।महिलाओं ने गुलाल व फूलों से होली खेली कार्यक्रम के अंत मे अखिल भारतीय विजयवर्गीय महिला मंडल की राष्ट्रीय सलाहकार एवं विजयवर्गीय महिला मंडल बिजौलियां की पूर्व अध्यक्ष तुलसी मेड़तिया की ओर से आइसक्रीम का वितरण किया गया ।वहीं वार्ड 20 में महिलाओं द्वारा गणेश मंदिर पर फागोत्स्व मनाया गया। पूर्णिमा टेलर, स्वाति जैन, कुसुम टेलर,अल्का जैन,माया टेलर, ज्योति सोनी, हेमा छीपा,आरती छीपा समेत कई महिलाएं मौजूद रही।

## श्री खटीक समाज सेवा समिति का पुनर्गठन, सुरेश नागर बने दूसरी बार निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष

**विराटनगर(निसं.)।** श्री खटीक समाज सेवा समिति विधानसभा विराटनगर कोटपूतली बहरोड की एक मीटिंग का आयोजन श्री खटीक समाज छात्रावास भूमि शिवनगर पावटा में हुआ। जिसमें पूर्व की कार्यकारिणी के दो वर्ष पूर्ण होने पर पुन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्व सहमति से सुरेश नागर आतेला को दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया। एवं बृजमोहन असवाल को संरक्षक तथा मुकेश सोलंकी को सचिव पद पर नियुक्त किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर मौजूद रहे।वही उपाध्यक्ष पद पर गुलाबचंद खींची, महावीर चावला, घनश्याम बासवाल,राजेंद्र सांखला, श्री भगवान सहाय बसवाल,वही सलाहकार के रूप में बद्रीनारायण दायमा, दौलत राम खींची,वही महामंत्री के रूप में मुकेश सोलंकी, संयुक्त सचिव के रूप में मदनलाल नागर,व्यवस्थापक के रूप में प्रहलाद चावला ,शिंभूदयाल दायमा,अशोक कक्कड़,अशोक सांखला,वहीं संगठन मंत्री के रूप में सुभाष चंद्र,रोहतास ,दौलाराम , रोहीतास नागर,ईश्वरलाल दायमा,जीतू सांखला,वहीं प्रवक्ता के रूप में सुरेश दायमा ,उमेश बसवाल ,मनोज टेपण, महेंद्र किराड़,मुकेश किराड वहीं प्रचार मंत्री के रूप में महेश कुमार दायमा,आकाश चौहान ,सोनाराम नागर ,बोदूराम बसवाल,राधेश्याम सोलंकी, वही कोषाध्यक्ष के रूप में राजकुमार कक्कड़,विधिक सलाहकार के रूप में एडवोकेट अर्जुन दायमा,एडवोकेट विक्रम खींची को नियुक्त किया गया।इस दौरान समाज विशेष को लेकर आनेको व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा भी की गई। जहां समाज उत्थान व समाज सुधार की बातों पर उपस्थित लोग ने विचार रखें।

## न्यू जर्नलिस्ट एसोसिएशन संगठन की होली मिलन समारोह आयोजित

### पत्रकार हितों पर एकजुटता बनाए रखे- गौरव थत्ते

जयपुर टाइम्स



**चाकसू(निस.)** चाकसू धार्मिक नगरी गोनेर में न्यू जर्नलिस्ट एसोसिएशन की ओर से होली मिलन समारोह सह पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव थत्ते के मुख्य आतिथ्य जिले भर के पत्रकार शामिल हुई। होली मिलन समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव थत्ते ने पत्रकार हितों पर एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक में कहा गया कि पत्रकारों को पेंशन प्रदान करने के लिए कई योजनाएं और कार्यक्रम चलाए जाते हैं। जिसका लाभ सभी को मिलना चाहिए। जिसमें उन्हें एक निश्चित राशि की पेंशन के रूप में दी जानी चाहिए निर्णय लिया गया कि पत्रकारों को पेंशन लागू होने सहित फ्री टोल व्यवस्था अन्य लाभ मिले। जिलाध्यक्ष सत्यानारायण चांदा की अध्यक्षता में पत्रकार हितों कों लेकर कई अहम निर्णय भी लिए गए। जिसमें नशा मुक्ति अभियान शुरू करने के साथ अन्य समस्याओं पर चर्चा हुई। इसके उपरांत होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पत्रकारों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इससे पहले श्रीलक्ष्मीपति जगदीश महाराज की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के अंत में पत्रकारों के बीच सामूहिक भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकार अशोक प्रजापत, टोंक जिला अध्यक्ष कजोड़ गुर्जर, नानगराम शर्मा, राजेंद्र मीणा, चंद्रभान सक्सेना, दीपक शर्मा, गोपाल कुम्हार, मुकेश प्रजापत, राधेश्याम हरितवाल, योगेश गुप्ता, पवन खंडेलवाल, नरेंद्र तिवारी कानोता, पवन शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, अहसान खान, राम- श्याम यादव, सुनीता मीना, सरिता मीना, मनोज प्रजापत, राजेश गुप्ता, अरविंद समेत अन्य लोग शामिल रहे

## रेलवे पेंशनर्स सोसायटी की बैठक, होली मिलन पर चर्चा



**फुलेरा(निसं.)।** रेलवे पेंशनर्स सोसायटी शाखा फुलेरा की मासिक बैठक शाखा अध्यक्ष रमेशचंद वर्मा की अध्यक्षता में सांभर रोड स्थित कार्यालय पर दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि देकर बैठक आयोजन किया गया । बैठक में शामिल नए सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। शाखा सचिव लालचंद कुमावत ने पिछले माह की प्रगति रिपोर्ट पेश की साथ ही उन्होंने बताया कि पेंशन अदालत 16 मई 2025 को होगी, पेंशनर्स अपनी समस्याओं को लेकर केस दर्ज कराने की अंतिम तिथि 18 मार्च तय की गई। शाखा उपाध्यक्ष महेशसहाय शर्मा ने बताया कि होली स्नेह मिलन समारोह आगामी 20 मार्च को शेखावत मैरिज गार्डन फुलेरा में सुबह 10 बजे किया जाएगा। बैठक का संचालन कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश त्रिपाठी ने किया, बैठक को श्यामलाल सैनी, गिरधर गोपाल, आनंद स्वरूप मेहरोत्रा, शाखा संरक्षक रामेश्वरदास कुमावत,धन्नालाल कुमावत सहित कई सदस्यों ने संबोधित किया। इस अवसर पर शेषनारायण सैनी, किशनलाल सैनी, गुलाबचंद रावत, सत्यप्रकाश जांगिड़, राज कुमार, वीरेंद्र बंसल, रामप्रसाद, बनवारीलाल, अशोक शर्मा, भगवतीप्रसाद ढिक्या, छीतरमल, मदन लाल, मुकेश कुमार झा, घनश्याम जांगिड़, श्रीनिवास,लालराम मीणा, विजयगोपाल दाधीच सहित अनेक लोग मौजूद रहे।


**नाम परिवर्तन**

मेरे पुत्र रामकिशन ढाका के स्कूल दस्तावेज में उसका नाम राम किशन दर्ज है जो कि गलत अंकन है। अब मैं मेरे पुत्र के स्कूल दस्तावेज में उसका सही नाम रामकिशन ढाका दर्ज करवाना चाहता हूं। इस सम्बन्ध में भविष्य में किसी प्रकार का कोई विवाद होने पर मैं स्वयं जिम्मेवार होउंगा।

**श्रवण राम ढाका पुत्र लिखमाराम जाति जाट निवासी ग्राम पोस्ट उडवाला, तहसील बीदासर जिला चूरू**


## होलिका दहन की जगह को अतिक्रमण से मुक्त करने को लेकर एसडीएम को सोपा ज्ञापन

### 3 दिन में अतिक्रमण हटाने का एसडीएम ने दिया आश्वासन

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निसं.)।** कस्बे के किला ऊपर होली चौक व सामुदायिक भवन से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विराटनगर एसडीएम को ज्ञापन सोपा है। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि किले के पास अलवर जयपुर रोड वार्ड नंबर 22 भेरुजी के मंदिर के पास पिछले 70 वर्षों से प्रतिवर्ष होलिका दहन व श्री भेरुजी महाराज के मेले का आयोजन होता आ रहा है किंतु इस वर्ष कुछ लोगों के द्वारा उक्त होली चौक में सामुदायिक भवन पर पत्थर व गोबर डालकर अतिक्रमण कर रखा है जिससे होलिका दहन में बाधा उत्पन्न हो रही है वही बताया कि इन लोगों के द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए कहने पर लड़ाई झगड़े पर उतारू हो जाते हैं होली का त्यौहार हिंदू धर्म का बड़ा त्योहार माना जाता है। जिसको लेकर लोगों में उत्साह का माहौल होता है और अगर होली के त्योहार पर परंपरागत तौर तरीके से होलिका दहन नहीं होगा तो मोहल्लेवासी व कस्बा वासियों में अतिक्रमणियों के खिलाफ आक्रोश उत्पन्न होगा तथा अशांति भी उत्पन्न हो सकती है। वही ज्ञापन में बताया गया कि उक्त भूमि नगर पालिका विराटनगर के नाम रिकॉर्ड में दर्ज है तथा नगर पालिका द्वारा होली चौक भी रिकॉर्ड में दर्ज है। इस दौरान ग्रामीणों ने उक्त जगह को अतिक्रमण से मुक्त करने की मांग कर शांतिपूर्ण तरीके से होलिका दहन करवाने की मांग की है। वही ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया। लेकिन जिम्मेदार लोग ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे पूर्व 13 फरवरी को भी जिम्मेदार लोगों को सूचना दी गई थी तथा संबंधित लोग मौके पर भी पहुंचे थे लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया। अधिशासी अधिकारी फतेह सिंह मीणा ने विगत दिनों 13 फरवरी को जब जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल विराटनगर क्षेत्र के दौरे पर थी तो लिखा था कि किले के ऊपर सामुदायिक भवन व होली चौक के अतिक्रमण को हटाने को लेकर पुलिस की आवश्यकता होगी जिस पर जाब्ता उपलब्ध करवाने की मांग की थी।इस दौरान मोहन सिंह राजपूत,बीजू राजपूत , गोवर्धन सैनी,रामकरण सैनी,शंकर सेनी, बनवारी सैनी, हनुमान सैनी, पार्षद प्रतिनिधि देशराज सेनी ज्ञापन सौंपने के दौरान मौजूद रहे। वही एसडीएम अमिता मान ने बताया कि मामला संज्ञान में आया हैं जिसको लेकर अधिशासी अधिकारी को तीन दिन में मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। होलिका दहन व सामुदायिक भवन की अतिक्रमण भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करवाया जाएगा।


**नगर परिषद सुजानगढ (चूरू) राजस्थान**

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :—न.प.सु/विकास शाखा/2025/7541 दिनांक :— 07.03.2025

**निविदा सूचना – 2025**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 19.03.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 19.03.2025 को दोपहर 1:00 बजे तक विकय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड कमांक—(DLB2425WSOB19618) कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ

राज.संवाद/सी/24/12959



**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :—न.प.सु/विकास/2025/7529 दिनांक :— 07.03.2025

**:-ई-निविदा सूचना-2025-26:-**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदा दिनांक 24.03.2025 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड कमांक (DLB2425WSOB19595) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ

राज.संवाद/सी/24/12958


## गौमाताओं के लिए काबरा परिवार ने किया छप्पन भोग का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)।** गौशाला बीड़ में काबरा परिवार ने मनोज एवं मनीषा काबरा की वैवाहिक वर्षगांठ गौमाताओं के लिए छप्पन भोग का आयोजन कर एक अनूठे अंदाज में मनाई। गौशाला अध्यक्ष नंदकिशोर बिड़ला ने बताया इस आयोजन में भगवान श्रीकृष्ण के समक्ष छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर गौमाता की आरती की। इसके पश्चात काबरा परिवार के सदस्यों ने इन व्यंजनों को प्रेमपूर्वक गौमाताओं को जिमाया। उन्होंने बताया गौसेवा को समर्पित इस अनूठे आयोजन से निश्चित रूप से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में जयपुर से आये भजन गायकों ने गौमाता से सम्बंधित भजनों से एवं मुकेश काबरा ने बांसुरी वादन से गौभक्तों को भाव विभोर कर दिया। उपाध्यक्ष मोहनप्रकाश मालपानी, कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद बुड़सुवाला, सहसचिव राम काबरा एवं अशोक काला, राधेश्याम झंवर, संपत सोमानी, रंगनाथ काबरा, बनवारीलाल मोर, सुरेश झंवर, मनोहर पारीक, मिठूलाल माली, अनिल काला, भरत सिंह, सुनील माथुर, लक्ष्मीनारायण असावा, सुभाष रावका, सुशील काबरा, रामाकिशन माली, सूरज तोषनीवाल, पवन सांभरवाला, बाबूलाल मांधनिया, परमानंद अग्रवाल, सुरेश बंसल, हनुमान सोनी, संतोष पहाड़ीया, अशोक मोर, प्रवीण सोनी आदि गौशाला सदस्यों ने महावीर प्रसाद काबरा, ओमप्रकाश काबरा, नरसिंहदास काबरा, कैलाश काबरा, ललित काबरा, बसंत काबरा सहित उपस्थित काबरा परिवार के सभी सदस्यों का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर मनोज मनीषा काबरा ने कहा गौमाता की सेवा के साथ वैवाहिक वर्षगांठ मनाने से मन को सुकून मिला। कार्यक्रम में वैदेही मांधनिया द्वारा सब्जियों से बनाई गई रंगोली की सभी ने सराहना की।


**कार्यालय नगरपालिका छापर (चूरू) राज.**

Email – nagarpalikachhapar@yahoo.in Phone no. – 01568-242099

क्रमांक :— न.पा.छा./2024–25/4021 दिनांक :— 05.03.2025

**आपत्ति आमंत्रण– विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय हाजा में 69–क/कृशि भूमि नियमन के तहत आवासीय पट्टे संबंधी निम्नलिखित पत्रावलियां प्रस्तुत हुई है। अतः उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सुसंगत सबूत एवं दस्तावेजों के साथ अन्दर मियाद सात दिवस कार्यालय हाजा में प्रस्तुत कर सकतें है। बाद गुजरने मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार/सुनवाई नही की जावेगी। सूचित रहें।

| क.स. | आवेदक का पता | भूमि/भवन का विवरण | भूमि का उपयोग | क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री हंसराज नाहटा पुत्र श्री डालचन्द नाहटा वार्ड नं. 02 छापर | पुरानी टंकी के पास वार्ड सं 02,छापर | 69क आवासीय | 445.93 वर्गमीटर |
| 02 | श्री भगवती देवी पत्नि श्री धर्मचन्द,श्री विनोद कुमार पुत्र श्री गोपालकृष्ण माली वार्ड न. 06 छापर | पुरानी टंकी के पास वार्ड न. 06 छापर | 69क आवासीय | 154.24 वर्गमीटर |
| 03 | श्रीमति प्रभा देवी पत्नि श्री रामकुमार मीणा वार्ड नं 02 छापर | खसरा स 403,नरबदाबास छापर। | कृषि भूमि नियमन आवासीय | 423.95 वर्गमीटर |
| 04 | श्री नारायण पारीक पुत्र श्री रामौतार पारीक वार्ड न.19 छापर | खसरा सं 220,चेताबास,छापर। | कृषि भूमि नियमन आवासीय | 714.53 वर्गमीटर |
| 05 | श्री सुमेरमल पुत्र श्री सतोंक चन्द वार्ड नं. 03, नर्बदा बास,छापर | खसरा सं 64 नर्बदा बास छापर | कृषि भूमि नियमन वाणिज्यिक | 223.04 वर्गमीटर |
| 06 | श्री मों यूनस तेली पुत्र श्री नानु तेली वार्ड न. 18 छापर | खसरा सं.190/39,पाण्डोराई | कृषि भूमि नियमन आवासीय | 193.23 वर्गमीटर |
| 07 | श्री मदनलाल नायक पुत्र राजुराम नायक वार्ड न. 18 छापर | खसरा सं.190/39,पाण्डोराई | कृषि भूमि नियमन आवासीय | 69.70 वर्गमीटर |

राज.संवाद/सी/24/12917 अधिशाषी अधिकारी

# विभाग समन्वय से करें काम, योजनाओं के उद्देश्य की हो पूर्ति : सम्भागीय आयुक्त डॉ. सुरपुर

## विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** संभागीय डॉ रवि कुमार सुरपुर ने सोमवार को जिला परिषद सभागार में विभागीय योजनाओं व गतिविधियों की समीक्षा कर सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को समुचित दिशा- निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एडीएम अर्पिता सोनी, सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनिया, सीईओ श्वेता कोचर सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। संभागीय आयुक्त डॉ सुरपुर ने कहा कि योजनाओं के उद्देश्यों की पूर्ति हो। उद्देश्य केवल वित्तीय प्राप्ति नहीं हो। लक्षित समूह तक पहुंचे और योजनाओं का उद्देश्य पूरा करें। सभी विभागों के अधिकारी अपने विभाग की गतिविधियों व योजनाओं के बारे में समुचित प्रचार- प्रचार करें और योजनाओं के लक्ष्य व उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विशेष कार्य योजना के साथ काम करें। विभागीय योजनाओं की क्रियान्विति में आउटकम की दिशा में प्रयास करें। विभागीय कार्यक्षेत्र को समुचित ढंग से देखें और संसाधनों का बेहतरीन उपयोग करें। डॉ सुरपुर ने कहा कि चूरू जिला हर क्षेत्र में अग्रणी रहे। इसलिए सभी विभागों का समुचित समन्वय हो। चूरू में पर्यटन को लेकर अपार संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं को देखें और विभिन्न क्षेत्रों को संयोजित करते हुए सकरात्मक परिणामों के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस व आयुर्वेद विभाग समन्वित रूप से काम करें। महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण पर विशेष फोकस करें। इसी क्रम में विद्यालयों, सामुदायिक केन्द्रों पर लाइब्रेरी, स्पोर्ट्स इन्फ्रा डवलप करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि जिले में भूतपूर्व सैनिकों और शहीद वीरांगनाओं के लिए अलग से समय निर्धारित करते हुए उनकी समस्याएं सुनें। इसी के साथ उन्होंने कहा कि कोशिश करें कि जिला स्तर पर ही आने वाली परेशानियों को निस्तारित किया जा सके और राज्य स्तर पर आने वाले परेशानियों के बारे में अवगत करवाएं ताकि समुचित निस्तारण किया जा सके। उन्होंने चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों, आईसीडीएस, खाद्य पदार्थों में मिलावट पर कार्रवाई करने, जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की बैठक में आईसीडीएस के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को संयोजित करने, जिले से संबंधित सांख्यिकी का समुचित डाटा तैयार करने, विद्यालयों में लाइब्रेरी व स्पोर्ट्स इंफ्रा और सुविधाएं विकसित करने, टीकाकरण कार्यक्रम, संस्थागत प्रसव, क्षय रोग, पोषाहार, इंटीग्रेटेड एंबुलेंस की जांच करने, सिविल कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने, खरीद केन्द्रों पर सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने व खरीद केन्द्रों पर फसल तुलाई के 48 घंटे में किसानों को भुगतान करने, सिंचाई योजना में लक्ष्यों को प्राप्त करने, पेयजल, शाला दर्पण, अपार आईडी, मुख्यमंत्री युवा संबल योजना में बेरोजगार आशार्थियों को प्रोडक्टिव व रोजगारपरक कार्यों में इंटर्नशिप करने, उद्योग विभाग की योजनाओं और राइजिंग राजस्थान अंतर्गत किए गए एमओयू को धरातल पर उतारने तथा खनन, आबकारी, परिवहन और कॉमर्शियल टैक्स विभाग को राजस्व अर्जन के लिए अपेक्षित लक्ष्य पूरे करने के लिए मुस्तैदी से काम करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने संभागीय आयुक्त की ओर से दिए गए निर्देशों की समुचित पालना किए जाने व जिले को अग्रणी रखने के लिए मुस्तैदी से कार्य करने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जिले को सभी क्षेत्रों में अग्रणी रखने के लिए प्रयासरत रहेगा। बजट घोषणाओं और मेजर प्रोजेक्ट सहित सभी गतिविधियों के लिए समुचित मॉनीटरिंग की जा रही है। इसी के साथ किसी भी स्तर पर आने वाली समस्याओं का निस्तारण के लिए त्वरित प्रयास करेंगे। सभी विभागों के अधिकारियों ने पीपीटी के माध्यम से विभागीय योजनाओं की प्रगति और लक्ष्यों के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान एएसपी लोकेंद्र दादरवाल, एसडीएम बिजेंद्र सिंह, एसीईओ दुर्गा ढाका, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, सानिवि एसई पंकज यादव, सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा, डिस्कॉम एसई आरपी वर्मा, सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़, डीईओ प्रारंभिक संतोष महर्षि, पशुपालन डॉ मदनलाल गहनोलिया, एसीपी नरेश टुहानिया, उद्योग महाप्रबंधक उजाला, आईसीडीएस डीडी डॉ नरेंद्र शेखावत, एसजेईडी डीडी नगेंद्र सिंह राठौड़, एसीएफ महेंद्र, डीटीओ नरेश कुमार, सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## फार्मर रजिस्ट्री शिविर में 189 किसानों ने करवाया रजिस्ट्रेशन



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** पंचायत मुख्यालय रेडा में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री शिविर के पहले दिन 189 किसानों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। शिविर प्रभारी भू अभिलेख निरीक्षक कन्हैया लाल स्वामी ने बताया की तीन दिवसीय शिविर के दौरान ग्राम पंचायत रेडा के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में चल रहे इस शिविर में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा रही है। शिविर 10 से 12 मार्च तक रहेगा।शिविर में डॉ. राजू कुमार, ग्राम विकास अधिकारी विनीत शर्मा, यज्ञदत्त सारस्वत, प्रदीप सिंह शेखावत, सचिन कुमार, नोरत राम पटवारी, किशनाराम, बलवीर सिंह, बीरबल राम, भैराराम, चुन्नीलाल रेगर, गंगाराम, बल्केश कुमारी, चंदा देवी, मोहित बायला, पवन कुमारसहित ब्लॉक स्तर के अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

## राकेश जांगिड़ के जन्मदिन पर गायों को गुड़ खिलाया



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल के नेतृत्व तारानगर के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने दूरभाष से जांगिड़ को जन्म दिवस की बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने कस्बे की गोपाल गौशाला में गायों को गुड़ खिलाकर जांगिड़ के उज्जवल भविष्य की कामना की ततपश्चात सैकड़ों कार्यकर्ताओं जांगिड़ के निजनिवास पर केक काटा, रुपयों की माला व गुलदस्ते भेंट कर जन्म दिवस की बधाई दी। कार्यकर्ताओं ढ़ोल नगाड़ो की थाप पर नाचनाचकर व पटाखे फोड़कर जश्न मनाया। इस मोके पर अमर सिह चारण, कैलाश चाचान, हरी इंदौरिया, नरेश झाझड़िया, शाबीर हुसैन, किशनसिँह, मोहम्मद अयूब पटवा, किशन जांगिड़, मोहम्मद तैयब, राजेंद्र जोइया, विशाल शर्मा, कैलाश चाचान, सुदर्शन सबलानिया, शिव कुमार शर्मा, माणक सैनी, रामावतार सैनी, दिलावर खान, राकेश टाक पंकज जांगिड़ सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## चिकित्सा विभाग की टीम ने खाद्य सामग्रियों के लिए नमूने

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** होली के पर्व को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा विभाग की ओर से क्षेत्र के गांव कातर सहित आस-पास के गांवों में खाद्य सामग्री के नमूने लिये गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदनलाल बाजिया ने बताया कि गांव मालासर में गोदारा मावा भंडार से दूध, घी व मावा और कृष्ण मावा भंडार से मावा का नमूना लिया गया। श्री बिग्गा इंडस्ट्रीज से मूंगफली तेल का नमूना लिया गया। वहीं गणेश मिष्ठान भंडार से कलाकंद का नमूना लिया गया और दुकान में साफ-सफाई का ध्यान रखने व ताजा मिठाई की बिक्री करने और बनी हुई मिठाईयों को ढककर रखने और अवधि पार खाद्य सामग्री को दुकान में नहीं रखने के निर्देश दिये। इसके साथ ही दुकानदार के लाइसेंस को दुकान के सामने रखने के लिए कहा।

## असामाजिक तत्त्वों पर कार्यवाही की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** वार्ड नंबर 12 के पार्षद सलीम खान गाजी ने उपखंड अधिकारी को एक पत्र देकर असामाजिक तत्वों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि न्यायालय परिसर और तहसील कार्यालय मेरे वार्ड में आते हैं। एसडीएम न्यायालय परिसर में रखी टेबल कुर्सियों व समान में असामाजिक तत्वों की ओर से तोड़फोड़ में आगजनी की घटना की गई है, जिससे नुकसान भी हुआ है। अतः इस प्रकार के लोगों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए जाएं।

## राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक मिलेः महर्षि

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने सोमवार को भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये आमजन की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर सम्बंधित विभाग के अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए 7इस दौरान महर्षि ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ जनता तक पहुच रहा है। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए में हमेशा विधानसभा क्षेत्र के लिए संकल्पित रहूँगा।जनसुनवाई में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं पर अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए।

## *गर्भवती महिलाए पोषण के साथ-साथ नवजात शिशु की देखभाल करेंः सीडीपीओ*



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** चूरू ग्रामीण परियोजना की ओर से एमएमएमपीवाई योजना के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सीडीपीओ शिवराज सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को गर्भवती महिलाओं को पोषण और नवजात शिशु की देखरेख के बारे में विस्तृत जानकारी दी। महिला पर्यवेक्षक ज्योति वर्मा ने बताया कि सरकार की ओर से संचालित सभी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के लाभार्थियों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में संचालित पोषण अभियान के तहत की जाने वाली एफआरएस और ई केवाईसी में बढ़ोतरी के भी निर्देश दिए। प्रशिक्षण में जयकौर चौधरी, शीतल बत्रा, सुनीता, सुदेश कंवर और बीसी मंजू जाट ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## अग्रवाल महिला सम्मेलन ने मनाया फागोत्सव

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्टेशन रोड़ स्थित श्री अग्रसेन भवन में गत रात्रि को श्री अग्रवाल महिला सम्मेलन की ओर से फागोत्सव 2025 कार्यक्रम सम्मेलन की अध्यक्ष बबीता मंगलुनिया की अध्यक्षता में मनाया गया। सम्मेलन की मंत्री सुमन मिरनका ने बताया कि फागोत्सव के अंतर्गत सम्मेलन की बहिनों ने भजनों से बाबा श्याम को रिझाया और कान्हा संग होली खेलकर फाल्गुन के पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया। लतिका व नंदिका गाड़ोदिया ने भगवान राधा कृष्ण के स्वरूप में तैयार हुई। कोषाध्यक्ष अनु तोदी ने बताया कि समाज स्तर पर हुए कार्यक्रम हास्य, मनोरंजन व विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया और सभी बहिनों ने गुलाल से होली खेल कर एक दूसरे को बधाइयां दी। इस अवसर पर सुमन जाजोदिया, प्रियंका गोयनका, मोनिका शोभासरीया, राधिका खेतान, वीणा खेतान, संतोष खेतान, संजना जालान, अमिता बगड़िया, मानसून पंसारी, रेणु तोदी, दीपा तोदी, नीलिमा मंगलुनिया, रितु गाड़ोदिया, राखी तोदी, सुमन खेतान, किरण कंदोई, निशा खेतान, उषा मोदी, प्रियंका खेतान, माया बंसल, प्रीति बगड़िया, हेमलता धनवात, स्नेहलता क्याल, चंद्रकला तोदी, पूजा अग्रवाल, सुनीता मोर, सर्वज्ञा खेतान, कविता खेतान, उर्मिला गाढ़ावाला, सोनू बगड़िया, सुनीता न्यायावला, दीपिका मोर, निशा खेतान सहित अनेक अग्रवाल समाज की महिलाएं एवं बच्चियां उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन सुमन मिरनका ने किया।

## निशुल्क आरएससीआईटी कोर्स का शुभारम्भ




जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण व कौशल संवर्धन योजना के अंतर्गत सोमवार को तेजस्वी इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर एजुकेशन गांधी चौक राजलदेसर में महिलाओं व बालिकाओं को निशुल्क आरएससीआईटी कंप्यूटर कोर्स का शुभारंभ राजलदेसर नगर पालिका चेयरमैन गंगा देवी ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर तेजस्वी इंस्टिट्यूट के निदेशक रिया कठोड़, राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा के अध्यक्ष लालाराम कुचेरिया, रतनगढ़ अभिभाषक संघ के सचिव एडवोकेट गोविंद सिंह कठोड ने आरएससीआईटी किताबें वितरित की। कंप्यूटर सेंटर में रिंकू राठौड़, प्रियंका, निकिता कंवर, रमेश कंवर, किरण, मुस्कान, कोमल सुथार, पुष्पा मेघवाल सहित काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। इंस्टिट्यूट की निदेशक रिया कठोड ने बताया कि आरएससीआईटी में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को इंग्लिश स्पोकन की क्लास भी फ्री करवाई जाएगी।

## सातड़ा पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत करने की मांग

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** अखिल राजस्थान किसान मजदूर कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष व कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रदेश के वरिष्ठ किसान नेता आदूराम न्यौल ने कहा कि चूरू से रतनगढ़ की दूरी 50 किलोमीटर है इस मुख्य मार्ग पर आसपास सैकड़ो गांव बसे हुए हैं। जिनकी आबादी लगभग पचास हजार है। इस मुख्य मार्ग पर बिनासर, सातड़ा, सेहला पीएचसी खुली हुई है, परंतु सीएचसी के अभाव में माकूल चिकित्सा व्यवस्था सुलभ नहीं है। किसान नेता न्यौल ने राजस्थान के मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर आग्रह किया है कि इस मुख्य मार्ग के सबसे बड़े गांव सातड़ा की आबादी लगभग 6500 है। यदि इस गांव की पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत कर दिया जावे तो आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं से ग्रसित लोगों को चिकित्सा लाभ मिल सके, इस दुर्गम एरिया की महिलाओं को डिलीवरी की व्यवस्था के साथ-साथ शिशु स्वास्थ्य लाभ सुलभ हो सके। न्यौल ने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त मरीज व डिलीवरी के लिए महिलाओं को चूरू या रतनगढ़ जाने में भारी असुविधा होती है। सातड़ा गांव में 1957 से राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय संचालित है परंतु आज तक क्रमोन्नत नहीं किया गया, पशु चिकित्सालय में आस-पास के हजारों बीमार पशु आते हैं परंतु उक्त चिकित्सालय को भी क्रमोन्नत नहीं करने पर चिकित्सा व्यवस्था में व्यवधान पड़ता है, डिस्कॉम का सहायक अभियंता कार्यालय यहां संचालित है परंतु विधानसभा के बजट में 1 वर्ष पूर्व 132 केवी जीएसएस की घोषणा के उपरांत आज तक कार्य शुरू नहीं हुआ। न्यौल ने पुरजोर शब्दों में मांग करते हुए कहा कि लोकतंत्र में सरकार जनहित से जुड़े सभी सरकारी संसाधनों को क्रमोन्नत कर जनहित की सभी आकांक्षाओं को सुविधा उपलब्ध कराए। सभी सरकारी संसाधनों को जनहित में क्रमोन्नत किए जाने को मांग करने वालों में पूर्व सरपंच दुलाराम मेघवाल, मुकनाराम जाट, भगीरथ मेघवाल, हरिराम न्यौल, खेमचंद माली, कबीरदास स्वामी, नाथूराम मेघवाल, ओमप्रकाश जांगिड़, मनफूल रोलन, रामकुमार, श्यामलाल शर्मा, दुर्गाराम मेघवाल सहित सभी ग्रामीणों ने सरकारी संस्थाओं के रखरखाव व क्रमोन्नत किए जाने की पुरजोर शब्दों में राजस्थान सरकार के साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों से मांग उठाने का आग्रह किया है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।